

RNINo.UPHIN/2016/70293



हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 100 | कुशीनगर | सोमवार 08 फरवरी, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये

# चमोली में ग्लेशियर टूटा

## असम दौरे के बीच पीएम मोदी ने सीएम त्रिवेंद्र रावत से बात की

ऋषिकेश,एजेन्सी। चमोली जिले में एवलांच के बाद ऋषिगंगा और फिर धौलीगंगा पर बने हाइड्रो प्रोजेक्ट का बांध टूटने से गंगा और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। इसे देखते हुए राज्य में चमोली से लेकर हरिद्वार तक रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। जब यह हादसा हुआ, तब दोनों प्रोजेक्ट पर काफी संख्या में मजदूर कार्य कर रहे थे। इस हादसे में करीब 150 लोगों के लापता होने की आशंका है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत लगातार इस घटनाक्रम पर निगरानी रखे हुए हैं। वे मौके के लिए रवाना हो गए हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, इस संबंध में सीएम त्रिवेंद्र रावत से बात की गई है। डीजी आइटीबीपी और डीजी एनडीआरएफ से भी बात की गई है। सभी संबंधित अधिकारी लोगों को सुरक्षित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। एनडीआरएफ बचाव कार्य के लिए निकल गई है। देवभूमि को हर संभव मदद दी जाएगी। वहीं, केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस पूरे मामले पर रिपोर्ट मांगी है। हेल्पलाइन नंबर जारी मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि एनडीआरएफ भी प्रभावित इलाकों के लिए रवाना हो चुकी है। पानी का बहाव अब थोड़ा कम हुआ है। इस कारण निचले इलाकों में रहने वालों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। वहीं, इस आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ और उत्तराखंड पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। 911352410197, 9118001804375, 919456596190। इन नंबरों पर फोन कर मदद ली जा सकती है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह एवलांच के बाद चमोली जिले के अंतर्गत ऋषिगंगा नदी पर रैणी गांव में निर्माणाधीन 24 मेगावाट के हाइड्रो प्रोजेक्ट का बैराज टूट गया। इसके बाद मलबे और पानी का तेज बहाव धौलीगंगा की ओर बढ़ा। नतीजतन रैणी से करीब 10 किमी दूर तपोवन में धौलीगंगा नदी पर निर्माणाधीन 520 मेगावाट की विद्युत परियोजना का बैराज भी टूट गया। इसके बाद हालात बिगड़ गए। दोनों प्रोजेक्ट पर काम कर रहे बड़ी संख्या में मजदूरों के बहने की सूचना है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिद्धिम अग्रवाल के मुताबिक सुबह पहाड़ से भारी मलबा, हिमखंड टूटकर आने से इन हाइड्रो प्रोजेक्ट के बैराज क्षतिग्रस्त हुए। उन्होंने बताया कि बाढ़ के खतरे को देखते हुए तपोवन से लेकर हरिद्वार तक के सभी जिलों में अलर्ट जारी करने के साथ ही गंगा और उसकी सहायक नदियों के किनारे के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। गंगा के किनारे के सभी कैंपों को खाली कराया जा रहा है। कैंपों की संख्या 600 के लगभग है। साथ ही गंगा व उसकी सहायक जिन नदियों में बाढ़ का खतरा है, वहां आसपास की बस्तियों को खाली करा दिया गया है। स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि हादसे में काफी संख्या में मजदूरों के बहने की सूचना है। उधर, गढवाल मंडलायुक्त रविनाथ रमन के मुताबिक चमोली के डीएम और एसएसपी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह पर न दें ध्यान, सरकार उठा रही जरूरी कदम मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ट्वीट करते हुए लिखा, चमोली जिले से एक आपदा का समाचार मिला है। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और आपदा प्रबंधन को इस आपदा से निपटने की आदेश दे दिए हैं। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है।देहरादून से बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की चार टीमें रवाना की गई हैं। डीआइजी अपराध एवं कानून व्यवस्था नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि अलर्ट को देखते हए स्थिति पर पूरी नजर रखी जा रही हैं। बंद करा दी गई है राफ्टिंग ऋषिकेश कोडियाला इको टूरिज्म जोन में जल पुलिस और एसडीआरएफ को अलर्ट कर दिया गया है। जल पुलिस के साथ आपदा प्रबंधन दल राफ्टिंग स्थलों पर पहुंच गया है। यहां राफ्टिंग बंद करा दी गई है। इसके साथ ही चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में नदी किनारे सभी सभी स्थानों पर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। नदी किनारे रहने वालों के लिए अलर्ट जारी चमोली में बांध टूटने से नदी में जल स्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए टिहरी प्रशासन ने कीर्तिनगर, देवप्रयाग में नदी किनारे रहने वाले लोगों के लिए अलर्ट जारी किया है। देवप्रयाग संगम पर भी लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई है। वहीं, नदी किनारे जितनी भी बस्तियां हैं सभी में लोगों को ऊंचाई वाले इलाकों में जाने के लिए कहा गया है। प्रशासन नदी किनारे खनन पट्टों पर कार्य कर रहे लोगों को भी हटा रहा है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को हटाने के निर्देश जारी चमोली में बांध टूटने की घटना के बाद पैदा हुए हालात को देखते हुए पौड़ी जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। डीएम धीराज सिंह ने बताया कि धारी देवी के पास बने बांध से पानी छोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं। श्रीनगर में नदी वाले इलाकों में रहे लोगों को हटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### नदी किनारे रहने वालों के लिए अलर्ट जारी

चमोली में बांध टूटने से नदी में जल स्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए टिहरी प्रशासन ने कीर्तिनगर, देवप्रयाग में नदी किनारे रहने वाले लोगों के लिए अलर्ट जारी किया है। देवप्रयाग संगम पर भी लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई है। वहीं, नदी किनारे जितनी भी बस्तियां हैं सभी में लोगों को ऊंचाई वाले इलाकों में जाने के लिए कहा गया है।

### नदी किनारे रहने वाले लोगों को हटाने के निर्देश जारी

चमोली में बांध टूटने की घटना के बाद पैदा हुए हालात को देखते हुए पौड़ी जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। डीएम धीराज सिंह ने बताया कि धारी देवी के पास बने बांध से पानी छोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं। श्रीनगर में नदी वाले इलाकों में रहे लोगों को हटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।



### हेल्पलाइन नंबर जारी

मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि एनडीआरएफ भी प्रभावित इलाकों के लिए रवाना हो चुकी है। पानी का बहाव अब थोड़ा कम हुआ है। इस कारण निचले इलाकों में रहने वालों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। वहीं, इस आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ और उत्तराखंड पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। 911352410197, 9118001804375, 919456596190। इन नंबरों पर फोन कर मदद ली जा सकती है।



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद कर्नाटक के कोडागु जिले के मदिकेरी में जनरल थिमय्या के पूर्वजों के पैतृक घर में एक संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए।

## राष्ट्रपति 6, 7 मार्च को मध्यप्रदेश का दौरा करेंगे

जबलपुर,(एजेंसी)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 6 और 7 मार्च को मध्यप्रदेश का दौरा करेंगे और यहां विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने शनिवार को यह जानकारी यहां पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि छह मार्च को जबलपुर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति मध्यप्रदेश न्यायिक अकादमी के एक समारोह में शामिल होंगे।

## दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के पास लगी आग, 20 से अधिक झोपड़ियां जलकर खाक

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के ओखला फेज दो में हरिकेश नगर मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार देर रात आग लग गई, जिसमें 20 से अधिक झोंपड़ियां जल कर खाक हो गईं।



पुलिस ने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग पहले कपड़ों की कतरन में लगी, जो बाद में झुग्गियों में फैल गई और करीब 20 से 22 झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं। वहां पर खड़ा एक ट्रक भी इसकी चपेट में आ गया। दिल्ली दमकल सेवा के अनुसार, आग लगने की सूचना देर रात दो बजकर 23 मिनट पर मिली, जिसके बाद शुरुआत में दमकल की सात गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं।

### प्रधानमंत्री ने हाईवे प्रोजेक्ट और मेडिकल कॉलेज की नींव रखी, बोले...

## टी-वर्कर्स को मदद दी तो भी बदनाम कर रहे

नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम और पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। पहले वे असम पहुंचे। सोनितपुर में एक रैली में कहा कि देश में सवेरा पूर्वोत्तर से ही होता है, लेकिन विकास के सवेरे के लिए पूर्वोत्तर को लंबा इंतजार करना पड़ा। बीते 16 दिन में वे दूसरी बार इन राज्यों में पहुंच रहे हैं। इससे पहले वे 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर दोनों राज्य गए थे। सोनितपुर के ढेकियाजुली में मोदी ने असम माला हाईवे प्रोजेक्ट की शुरुआत की। बिश्वनाथ और चराइदेव में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की आधारशिला भी रखी। इस प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत 1100 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। मोदी के भाषण की मुख्य बातें हिंसा-तनाव छोड़कर असम विकास कर रहा शहीदों के शौर्य की साक्षी सोनितपुर की ये धरती, असम का अतीत बार-बार मेरे मन को असमिया गौरव से भर देता है। हिंसा, अभाव, तनाव, भेदभाव, पक्षपात, संघर्ष जैसी बातों को पीछे छोड़कर पूरा नॉर्थ-ईस्ट विकास की राह पर बढ़ रहा है। असम इसमें प्रमुख भूमिका निभा रहा है। दूरदराज के इलाकों में अस्पताल बन रहे असम के दूरदराज इलाकों में अच्छे हॉस्पिटल सपना होते थे। अच्छे अस्पतालों का मतलब घंटों की यात्रा और अनगिनत कठिनाइयां थीं। लोगों को यही चिंता सताती थी कि कोई मेडिकल इमरजेंसी न आ जाए। ये समस्याएं तेजी से समाधान की ओर बढ़ रही हैं। आप इस फर्क को आसानी से देख और महसूस कर सकते हैं। आजादी के बाद 7 दशकों में यानी 2016 तक असम में केवल 6 मेडिकल कॉलेज होते थे। बीते 5 साल में असम में 6 और मेडिकल कॉलेज बनाने का काम शुरू किया जा चुका है। चुनाव के बाद जब नई सरकार बनेगी तो मैं वादा करता हूं कि असम में भी एक मेडिकल कॉलेज और एक टेक्निकल कॉलेज स्थानीय भाषा में शुरू किया जाएगा। गुवाहाटी में भी एम्स होगा। गुवाहाटी असम ही नहीं, पूरे पूर्वोत्तर की जिंदगी बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। पुरानी सरकारें असम की तकलीफें समझ ही नहीं पाई वो लोग पूर्वोत्तर से इतना दूर थे कि आपकी तकलीफें कभी समझ ही नहीं पाए। आज केंद्र द्वारा असम के विकास के लिए पूरे निष्ठा से काम किया जा रहा है। असम भी देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बढ़ रहा है। जो बदलाव देश देख रहा है, वही असम में भी दिख रहे हैं। असम में आयुष्मान योजना का लाभ सवा करोड़ गरीबों को मिल रहा है। टी-वर्कर्स की मदद की तो बदनाम कर रहे असम की खुशहाली और यहां की प्रगति का बहुत बड़ा केंद्र असम के चाय बागान भी हैं। बजट में चाय बागान में काम करने वाले भाइयों-बहनों के लिए एक हजार करोड़ रुपए की विशेष योजना की घोषणा की गई है। देश को बदनाम करने के लिए साजिश रचने वाले इस स्तर तक पहुंच गए हैं कि भारत के चाय को भी नहीं छोड़ रहे। साजिश करने वाले कह रहे हैं कि भारत की चाय की छवि को बदनाम किया जा रहा है। क्या आपको ये हमला मंजूर है। इस हमले के बाद चुप रहने वाले लोग मंजूर हैं आपको? जो चुप बैठे है उन सभी राजनीतिक दलों से असम का हर आदमी, हर चाय पीने वाला हिंदुस्तानी जवाब मांगेगा। मोदी के कार्यक्रम में ममता के जाने पर संशय बंगाल के हल्दिया में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सीएम ममता बनर्जी को भी न्योता भेजा गया है।



### हिंसा-तनाव छोड़कर असम विकास कर रहा

शहीदों के शौर्य की साक्षी सोनितपुर की ये धरती, असम का अतीत बार-बार मेरे मन को असमिया गौरव से भर देता है। हिंसा, अभाव, तनाव, भेदभाव, पक्षपात, संघर्ष जैसी बातों को पीछे छोड़कर पूरा नॉर्थ-ईस्ट विकास की राह पर बढ़ रहा है। असम इसमें प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

### दूरदराज के इलाकों में अस्पताल बन रहे

असम के दूरदराज इलाकों में अच्छे हॉस्पिटल सपना होते थे। अच्छे अस्पतालों का मतलब घंटों की यात्रा और अनगिनत कठिनाइयां थीं। लोगों को यही चिंता सताती थी कि कोई मेडिकल इमरजेंसी न आ जाए। ये समस्याएं तेजी से समाधान की ओर बढ़ रही हैं। आप इस फर्क को आसानी से देख और महसूस कर सकते हैं। आजादी के बाद 7 दशकों में यानी 2016 तक असम में केवल 6 मेडिकल कॉलेज होते थे।

## तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों शासन में नाम के सिवा कोई अंतर नहीं: हर्षवर्धन

कोलकाता,(एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार और वाम मोर्चेके तीन दशक से अधिक लंबे शासन के बीच नाम के सिवा कोई ज्यादा अंतर नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राज्य में सरकार का बदलना 'अपरिहार्य' है। हर्षवर्धन ने कहा कि वाम मोर्चे के 34 साल के शासन की तुलना में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने अपनी सुविधा के अनुसार भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। केंद्रीय मंत्री ने राज्य की मौजूदा सरकार के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं की भी आलोचना करते हुए आंकड़ों का हवाला देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में पश्चिम बंगाल के देश में पीछे रहने का उल्लेख किया। वर्धन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस दावे को भी खारिज कर दिया कि कोविड-19 महामारी से मुकाबला करने के लिए राज्य को केंद्र से मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की महामारी से लड़ने के लिए राज्य सरकार को 275.99 करोड़ रुपये की राशि दी गई। हर्षवर्धन ने कहा, ''राज्य में 34 साल तक एक व्यवस्था थी, फिर पिछले 10 साल से दूसरी आई, केवल नाम बदला। सभी तरह की जबरदस्ती एवं प्रणाली एक ही रही।''

## उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटने पर यूपी में हाई अलर्ट

लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तराखंड में बांध टूटने से मची तबाही के मद्देनजर यूपी में भी हाई अलर्ट किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने यूपी के संबंधित विभागों और अफसरों को निर्देश दिया है कि घटना पर नजर रखी जाए। एसडीआरएफ को भी अलर्ट किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने गंगा नदी के किनारे पड़ने वाले सभी जिलों के डीएम और एसपी को पूरी तरह सतर्क रहने के भी निर्देश दिए। वहीं राहत आयुक्त ने सभी डीएम को आपदा चेतावनी जारी की है। राहत आयुक्त ने कहा कि गंगा नदी पर जिलों को हाई अलर्ट पर रहने की आवश्यकता है और जल स्तर की निरंतर निगरानी जरूरी है। यदि आवश्यक हो तो लोगों को बाहर निकालने और सुरक्षित स्थान पर ले जाने के भी निर्देश दिए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी फ्लड कंपनी को अलर्ट पर रहने को कहा है।

## गणतंत्र दिवस पर हिंसक परैड के बाद किसान करेंगे 'ट्रैक्टर क्रांति', राकेश टिकैत का मिशन टू

गाजियाबाद(उप्र),(एजेंसी)। किसान नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को देशभर के किसानों से ''ट्रैक्टर क्रांति'' में शामिल होने का आह्वान किया। गाजीपुर प्रदर्शन स्थल पर टिकैत ने समर्थकों को संबोधित करने के दौरान किसान समुदाय से संपर्क साधने की कोशिश की, जिनमें से अधिकतर, खासकर दिल्ली-एनसीआर, के किसान 10 साल से अधिक पुराने ट्रैक्टर समेत डीजल से चलने वाली गाड़ियों पर प्रतिबंध के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के फैसले से खफा हैं। भारतीय किसान यूनियन के नेता टिकैत (51) ने कहा, "जो ट्रैक्टर खेतों में चलते हैं, वे अब दिल्ली में एनजीटी के दफ्तर में भी चलेंगे। हाल तक, वे नहीं पूछते थे कि कौन सा वाहन 10 साल पुराना है। उनकी आखिर योजना क्या है? 10 साल से अधिक पुराने ट्रैक्टरों को हटाना और कॉरपोरेट की मदद करना ? लेकिन 10 साल से अधिक पुराने ट्रैक्टर चलेंगे और (केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ) आंदोलन भी मजबूत करेंगे।" उन्होंने कहा कि विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन में देश भर के अधिक से अधिक किसान भाग लेंगे। हाल ही में दिल्ली में 20,000 ट्रैक्टर थे, अगला लक्ष्य इस संख्या को 40 लाख करना है। उन्होंने ट्रैक्टर मालिकों से अपने वाहनों को ट्रैक्टर क्रांति से जोड़ने का आह्वान किया।

# बिजली की चपेट में आने से भाजपा कार्यकर्ता की मौत

### भटनी भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर

अमित रेखा –दिनेश गुप्ता

भटनी– देवरिया। दिन रविवार को भटनी नगर पंचायत के वार्ड नम्बर दो के रहनेवाले मनिष खरवार की बिजली के चपेट में आने से मौत होगई मनिष खरवार एक समाज सेवक एवं भटनी मण्डल सह संयोजक भाजपा आईटी विभाग के कार्यकर्ता थे मनीष खरवार की बिजली के चपेट में आने से निधन हो गया।जब इसकी सुचना भटनी बिजेपी मंडल अध्यक्ष योगेश प्रजापति, भाजपा किशान मोर्चा भटनी मंडल अध्यक्ष अभय तिवारी, बिजेपी कार्यकर्ता दिपक वर्मा, भाजपा आईटी विभाग के कार्यकर्ता आशीस पास्वान इत्यादि बिजेपी कार्यकर्ताओं को जब सुचना हुई तो भटनी मंडल के बिजेपी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड उठी और भटनी मंडल के सभी बिजेपी कार्यकर्ता खबर सुनते ही सभी मनीष खरवार के घर आनन फानन में पहुंच कर अंतिम शवयात्रा में शामिल हुए।



# गोरखपुर जोन की पुलिस ने लगाया बदमाशों पर एनएसए का शतकय

'अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव'

ब्यूरो गोरखपुर। गोरखपुर जोन की पुलिस ने बदमाशों और माफियायों के खिलाफ एनएसए का शतक लगा दिया है। योगी सरकार बनने के बाद से अब तक 100 लोगों पर रासुका की कार्रवाई की जा चुकी है। यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है वहीं जोन की पुलिस ने 1054 गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कर 3239 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अपराध से कमाई गई बदमाशों की 154 करोड़ की सम्पत्ति को पुलिस ने जब्त कराया है। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और ज्यादा बढ़ने वाला है। दअरसल योगी सरकार ने अपने शपथग्रहण के बाद से ही बदमाशों और माफियों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी। प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे गुंडों–माफियाओं पर कार्रवाई करें, उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाए। इसी क्रम में अपराध से कमाई गई बदमाशों की सम्पत्ति को जब्त करने का भी योगी सरकार ने फरमान सुनाया, जिसके बाद पुलिस की सख्ती शुरू हुई और बदमाशों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हुई। इससे बड़े बदमाश या तो सलाखों के पीछे हैं या फिर उन्होंने प्रदेश छोड़ दिया है। इसी सख्ती का नतीजा है कि गोरखपुर जोन की पुलिस ने बदमाशों की 154 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति को जब्त कर लिया है। कार्रवाई का सिलसिला जो चल रहा है उसके मुताबिक आने वाले दिनों में यह आंकड़ा काफी आगे जाएगा। गोरखपुर पुलिस ने सभी गैंगेस्टर की सम्पत्ति को जब्त करने की तैयारी शुरू की है और अभी 50 से ज्यादा बदमाशों की सम्पत्ति जब्त करने की तैयारी है। इसी के साथ पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई भी बढ़ा दी है। एडीजी जोन दावा शेरपा ने कहा कि गुंडों–माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बदमाशों द्वारा अपराध से कमाई गई सम्पत्ति का ब्योरा जुटाकर उन्हें जब्त कर आर्थिक चोट पहुंचाया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि अब तक 154 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी है।

'20 मार्च 2017 से 31 जनवरी 2021 तक हुई कार्रवाईय'–गोरखपुर परिक्षेत्र में 578 मुकदमा, 1728 की गिरफ्तारी, 76 की सम्पत्ति कह जब्ती हो चुकी है। गैंगेस्टर के सबसे ज्यादा मुकदमें 194 गोरखपुर में दर्ज किए गए, जिसमें 377 की गिरफ्तारी की गई वहीं मुकदमों की संख्या के मामले में गोरखपुर भले ही ज्यादा है पर परिक्षेत्र के तीन अन्य जिलों महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर में गिरफ्तारियां इससे कहीं ज्यादा हैं। सबसे ज्यादा देवरिया ने 520 गैंगेस्टर को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों की संख्या के हिसाब से सम्पत्ति जब्त करने के मामले में भी परिक्षेत्र में कुशीनगर, महराजगंज के बाद गोरखपुर का नम्बर है लेकिन जब्त की गई सम्पत्ति में गोरखपुर सबसे आगे है। गोरखपुर पुलिस 16 गैंगेस्टरों की 54 करोड़ की सम्पत्ति जब्त करने की रिपोर्ट प्रशासन को दे चुकी है। जिसमें 11 की सम्पत्ति अब तक जब्त की जा चुकी है और दो की जब्ती के आदेश डीएम ने दिए हैं बाकी तीन की फाइल पर आदेश का इंतजार है। वहीं बात गोरखपुर जोन के 11 जिलों की करेंगे तो 1054 बदमाशों पर गैंगेस्टर ऐक्ट में मुकदमें हुए जिनमें 3239 की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी है। जोन के देवी पाटन और बस्ती परिक्षेत्र की अपेछा गोरखपुर परिक्षेत्र में ज्यादा कार्रवाई हुई है।

'100 पर लगाया जा चुका है रासुकाय'–गोरखपुर जोन के 11 जिलों में बीते तीन सालों में 100 बदमाशों और माफियाओं पर रासुका की कार्रवाई की जा चुकी है। रासुका की कार्रवाई में गोरखपुर जोन का देवी पाटन परिक्षेत्र सबसे आगे रहा है। यहां के गोंडा जिले में सबसे ज्यादा 33 बदमाशों पर रासुका की कार्रवाई हुई वहीं बहराइच में 27 तो बलरामपुर में पांच और श्रावस्ती में पांच पर रासुका की कार्रवाई हुई। इन चार जिलों से ही 70 लोगों पर रासुका लगाया गया। बस्ती परिक्षेत्र में संतकबीरनगर जिले से दो पर रासुका की कार्रवाई वहीं गोरखपुर परिक्षेत्र से 28 पर रासुका लगाया गया जिसमें गोरखपुर जिले से 11, देवरिया से दस और महराजगंज से सात के खिलाफ कार्रवाई शामिल है।

# शिविर में 500 सेअधिक मरीजों की हुई जांच

अमित रेखा परवेज आलम

हतवा भटनी देवरिया। अब्दुल्ल अजोज मेमोरियल ने सिनेमा रोड भेगारी बाजार में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 500 से अधिक मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। इस दौरान साईटिका नपुंसकता पेट संबंधी बिमारी बांझपन कैंसर शिशु रोग गठिया आदि रोगो की जांच कर दवा का वितरण किया गया। जिसमें काफी लोगों ने बढ़–चढ़कर कर हिस्सा लिया। शिविर में डॉ एस अहमद गोरखपुर डॉ सेराज अहमद कलकत्ता डॉक्टर अब्दुल्ल हबीब डॉक्टर अनिल दुबे डॉ मनोज गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# हम धन्य है ऐसी प्रतिभावान बेटी को पाकर जिसने नगर ही नही अपितु देश का नाम रोशन किया गुड्डू खान

अमित रेखा –वीरेंद्र यादव तहसील प्रभारी नौतनवां। महिलाओं की शिक्षा व तरक्की की बात करने वाले हमारे पुरुष वर्चस्व समाज में महिलाएं अभी



भी पुरुषों की अपेक्षा काफी पीछे है ये कहना शायद अतिशयोक्ति होगी क्योंकि आज हमारे नौतनवा नगर की प्रतिभावान बेटी का नाम यहां भले ही कम लोग जानते हो पर देश के पटल पर वो एक पहेली बनी हुई हैं,लोग उसके बारे में जितना पता करते है उतना ही उनको कम लगता है।नगर की इस काबिल बेटी पर पंडित जवाहर लाल नेहरु द्वारा कहे गए मशहूर वाक्य "लोगों को जगाने के लिये,महिलाओं का जागृत होना जरुरी है,सही बैठती है। नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान जब इस प्रतिभा से मिले तो उसके गुणगान करते हुए कहा कि हम धन्य है ऐसी प्रतिभावान बेटी को पाकर जिसने नगर ही नही अपितु देश का नाम रोशन किया,जब मैं पहली बार इस बच्ची से मिला तो हमे विश्वास ही नही हो रहा था कि हमारे नगर में भी ऐसी–ऐसी प्रतिभा छिपी हुई हैं, धन्य हो इनके अभिभावक व गुरुजन जिनके शुभाशीष से इस बच्ची ने इतना लम्बा सफर तय किया।तो आइए मिलते है नौतनवा नगर की प्रतिभावान बेटी सृष्टि श्रीवास्तव से जिसके पिता का नाम श्री विजय प्रताप श्रीवास्तव जो पेशे से भारतीय जीवन बीमा निगम में वरिष्ठ अभिकर्ता के साथ–साथ गाड्सन ग्रुप ऑफ कम्पनीज के प्रबन्ध निदेशक भी है व माता का नाम श्रीमती इन्दू श्रीवास्तव है जो एक कुशल गृहणी हैं।इस प्रतिभा ने अपनी प्राथमिक स्कूली शिक्षा नौतनवा के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल से शुरू की और हायर सेकेंडरी लखनऊ से तथा स्नातक की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त कर रही हैं,शिक्षणरत रहते हुए ये बच्ची 21 वर्ष की उम्र में ही इंडो–ब्राजील यूथ फोरम तथा इंडो–जापान यूथ फोरम की सन 19–20 में सदस्य, ग्लोबल यूथ ञ्छळ चौप्टर की पूर्व अध्यक्ष रह चुकी है तथा कॉमन वेल्थ यूथ फोरम की अभी सेक्रेटरी हैं तथा मान0 पीयूष गोयल,मान0 वेंकैया नायडू,मान0 रामनाथ कोविंद जैसे माननीयों व अन्य देशों के राजदूतो के साथ कई बैठकों में भी भाग ले चुकी ये प्रतिभा यही नही रुकी बल्कि संयुक्त राष्ट्र के डिप्टी सेक्रेटरी आमिना जे0 मोहम्मद के साथ हुई बैठकों में भी सम्मलित रही,अभी विगत वर्षो में दिल्ली में हुए विधान सभा चुनाव में डेवलप कंट्रीज रिसर्च सेंटर की तरफ से सर्वेयर के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं तथा नेशनल यूथ पार्लियामेंट में हिंदुस्तान प्रेस का प्रतिनिधित्व कर चुकी इस प्रतिभा ने अपने कार्यो का लोहा मनवाते हुए लोकमंच लखनऊ द्वारा द्वितीय पुरस्कार हासिल किया।इसलिए कहा जाता हैं कि प्रतिभा किसी के रहमो–करम की मोहताज नही होती ठीक उसी प्रकार कि जब नदी का पानी अपने उफान पर होता हैं तो उसे रास्ता नही ढूढना पड़ता बल्कि जिधर वो गुजरता हैं रास्ता खुद ब खुद बनता जाता है।

## मजदूर ने खेत में फांसी लगा जान दी

बांदा, (यूएनएस)। मरका थाना क्षेत्र के सांड़ा गांव में खेतिहर मजदूर ने शनिवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव घर से कुछ दूर पेड़ पर लटका मिला। परिजनों के मुताबिक पड़ोसियों से विवाद पर वह तनाव में था। सांड़ा गांव निवासी सुरजा का बेटा छेदीलाल (32) ने शनिवार की देर रात घर से कुछ दूरी पर खेत में आंवले के पेड़ पर अपनी साफी बांधकर फांसी लगा ली। उसकी वहीं मौत हो गई। शनिवार की सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दो और भाई हैं। वह दूसरे नंबर का था। पत्नी कुसुमा देवी व तीन बच्चे हैं। पत्नी ने बताया कि शनिवार को पड़ोसियों से विवाद हुआ था। तब से वह तनाव में था। रात में घर से खाना खाकर निकले थे। इंस्पेक्टर रामआश्रय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला डिग्री कालेज में डीएल आवेदन शिविर आज

बांदा, (यूएनएस)। ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाने की प्रक्रिया ऑनलाइन होने से आवेदकों को अक्सर काफी दुश्वारियां आ रही हैं। खासकर बालिकाओं और महिलाओं को इसमें असुविधा हो रही है। इसके मद्देनजर अमर उजाला अपराजिता–100 मिलियन स्माइल अभियान के तहत सोमवार 8 फरवरी को राजकीय महिला डिग्री कालेज में छात्राओं के लिए परिवहन विभाग विशेष शिविर लगाएगा। इसमें डीएल के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस का यातायात एवं सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चल रहा है। सड़क सुरक्षा संबंधी कई आयोजन स्कूल–कालेजों में हो रहे हैं।इसी क्रम में परिवहन विभाग एक ही छत के नीचे छात्राओं को दो पहिया व हल्के चार पहिया वाहन लाइसेंस के आवेदन की सुविधा मुहैया कराएगा। लाइसेंस आवेदन की जरूरी प्रक्रियाएं ऑनलाइन पूरी कराई जाएंगी।

## दिव्यांग व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन फरेंदा ब्लॉक पर होगा– बजरंग बहादुर सिंह

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। आप सभी विधानसभा फरेंदा वासियों को सूचित किया जा रहा है कि आपके परिवार अगर कोई भी व्यक्ति दिव्यांग हो तो वह कृत्रिम उपकरण वितरण हेतु रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है अतः जिस व्यक्ति को उपकरण की आवश्यकता हो वह कल दिनांक 08–02–2021 दिन सोमवार को फरेंदा ब्लाक पर समयानुसार पहुंच कर रजिस्ट्रेशन करा लेवें रजिस्ट्रेशन के दिव्यांग का सर्टिफिकेट फोटोकॉपी व आधारकार्ड की फोटो होना आवश्यक है।



## आबकारी विभाग की कार्यवाही में लगभग 290 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद गोरखपुर में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रवर्तन कार्य के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक 'सेक्टर 02 राकेश कुमार त्रिपाठी , आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 04 चौरीचौरा आशीष कुमार तिवारी , आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 02 कैम्पियरगंज मिथिलेश कुमार, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 05 सहजनवां अरविंद सिंह एंव आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन टीम पीयूष विक्रम' के संयुक्त नेतृत्व में 'थाना रामगढ़ताल एंव थाना राजघाट' के अन्तर्गत 'कठउर अमुरतानी एंव चकरा अव्वल अमुरतानी' एंव 'थाना खोराबार' के अन्तर्गत 'जगदीशपुर मठिया' के विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दबिश किया गया । दबिश के दौरान 08 अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 290 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया और मौके पर लगभग 8000 किग्रा लहन नष्ट किया गया एंव 14 भट्ठियां एंव शराब बनाने का उपकरण नष्ट किया गया..



'निम्नलिखित के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया...'

1– विशाल पुत्र नक्कू
2– मनोज उर्फ भगत पुत्र जल्लू
3– शेषनाथ पुत्र दयाराम
4– राजू पासवान पुत्र इन्द्रभान
5– अर्चना देवी पत्नी राजू पासवान

'कार्यवाही में शामिल प्रधान आबकारी सिपाहीः आबकारी सिपाही' शिवेंद्र तिवारी ,साकेत कुमार राय, धर्मेंद्र चौधरी, ऋतुप्रकाश चौधरी , सौरभ कुमार, शरद कुमार वर्मा, धर्मेंद्र चौधरी , संजय सिंह, शैलेश उपध्याय, श्याम बिहारी, आशीष मिश्रा, रामसजन, सूर्यभान , देवानंद, हरिशंकर पाठक , जावेद अहमद, लक्ष्मी शंकर राय आदि शामिल रहे।

# बिना ढके वाहनों से ढोया जा रहा कूड़ा गोलघर के सड़कों पर फैलाया जा रहा प्रदूषण

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि स्वच्छ भारत के तहत पूरे भारत को साफ–सुथरा रखा जाए व बीमारियों से बचा जाए।नगर में सफाई के लिए नगर निगम मिशन की खुलेआम धज्जियां गोलघर के सड़कों पर उड़ाते हुए बिना ढके गाड़ियां से चल रहे हैं जिसकी जिम्मेदारों को किसी भी प्रकार की परवाह नहीं है जबकि बार–बार कचरे को ढक कर ले जाने के निर्देश




द्वारा लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बावजूद इसके कचरा लोगों को मुंह पर ही पड़ रहा है। कचरा वाहन कचरे को गोलघर के सड़कों पर बिना ढके ले जाते हैं। खुले में जा रहा कचरा उड़ता हुआ पीछे चलने वाले वाहन चालक और राहगीरों के मुंह पर आता है। वाहन कचरा उठाने के साथ रास्ते में फैलाते हुए नगर निगम की गाड़ियां प्रदूषण फैलाते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के स्वच्छता दिए जाते हैं लेकिन वाहन चालक इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं। इसके साथ ही नगर निगम के उच्च अधिकारियों के साथ–साथ सफाई सुपरवाइजर से लगाए स्वास्थ्य अधिकारी तक जिम्मेदार हैं उनको बराबर निगरानी बनाए रखना चाहिए कि कूड़ा ढोने वाली गाड़ियां कूड़ा बिना ढके नगर निगम की गाड़ियों पर रखकर चलते हैं जिम्मेदार बेपरवाह रहते है नगर निगम के 70 वार्डो में रोजाना बड़ी मात्रा में कूड़ा जमा होता है। प्रशासन की ओर से सभी वार्डो से डोर टू डोर कूड़ा उठाया जाता है। सफाई कर्मचारी छोटे वाहन या ट्राली लेकर गली–गली जाते हैं। इसके बाद एक जगह कूड़े को एकत्र किया जाता है। यहां से बड़े वाहनों पर कूड़ा लादकर अन्यत्र ले जाया जाता है। वाहनों में बिना तिरपाल से ढके ही कूड़ा ले जाया जा रहा है। नतीजा ब्रेक लगने या गड्ढे में वाहन फंसने पर पीछे चल रहे लोगों पर गंदगी गिर जाती है। नगर निगम में कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही। ऐसा नहीं है कि अधिकारी इससे अनजान हैं, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों को इस दुर्ध्व्यवस्था पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिससे आम जनमानस को प्रदूषण व उड़ते हुए गाड़ी में से गंदगी को गिरने से रोका जा सके।

# कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन पंकज चौधरी व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने किया

अमित रेखा –सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। कौशल विकास योजना से प्रशिक्षित युवाओं को अब प्रशिक्षण प्राप्त करने पर भारत सरकार की जिम्मेदारी हो जायेगी ।यह योजना आपको राजगीर व विजली का प्रशिक्षण देगा।जो प्रवासी मजदूर अनेकानेक शहरों से वापस आये हैं उनके लिए यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है।इससें प्रशिक्षित होने पर जब वे विदेश जायेंगे तो उन्हें अच्छा खाशा रोजगार मिलेगा।उक्त बातें–एच एम पब्लिक स्कूल परसिया बुजुर्ग मे आयोजित नाबार्ड के द्वारा प्रायोजित प्रवासी कामगारों के लिए पीपल ट्री वेचर्स प्रा0 लि0द्बारा आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन महराजगंज सँसदीय क्षेत्र के सांसद पंकज चौधरी व विधायक फरेन्दा बजरंग बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर करने के पश्चात कहीं।उन्होंने कहा कि भाषण देने से रोजगार नहीं मिलता है।इसी क्रम मे परसिया बुजुर्ग स्थित एच.एम. पब्लिक स्कूल प्रांगण में पीपल ट्री वेंचर्स प्रा० लि० के कौशल केन्द्र के उद्घाटन के अवसर बतौर विशिष्ट अतिथि फरेन्दा विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा की नाबार्ड द्वारा प्रायोजित प्रवासी श्रमिको को प्रशिक्षण देकर उनको रोजगार उपलब्ध करायेगाद्यजिससे क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगाद्य यह योजना प्रवासी मजदूरों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और उनके जीवन मे खुशियां भी लायेगा। पीपल ट्री परिवार की सराहना करते हुए कहा की यह संस्थान लॉकडाउन के समय रोजगार छोड़कर वापस आये प्रवासी श्रमिको को प्रशिक्षण देकर पुनः रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे द्य नाबार्ड द्वारा प्रायोजित रोजगारपरक प्रशिक्षण लोगो के आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत स्तम्भ साबित होगाद्य यह भी उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त करे जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थित के साथ – साथ इनके रहन सहन में भी बदलाव आये।कार्यक्रम मे आये जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड रविशंकर ने कहा की लॉकडाउन के समय जो श्रमिक अपने घर वापस आ गए है वह



प्रशिक्षण केन्द्र पर निरूशुल्क प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। एस.के.श्रीवास्तव एल.डी.एम.ने भी बैंक से सम्बंधित जानकारी लोगो से साझा कियाद्य आयोजित कार्यक्रम मे बलराम मिश्र ओमप्रकाश चौबे साधु चौबे रविन्द्र सिंह डा0–वेदनाथ मिश्र दिनेश सिंह लल्लू सिंह घनश्याम रेवती रमण,कौशल ओकार पाठक नन्दलाल यादव, सुरेमन,सतीश, सुरेंद्र शर्मा गणेश निषाद व सत्येन्द्र चौधरी मनोज रँजन, शिवकुमार,त्रिपुरारी मिश्र मनोज गौड परमानंद शुक्ल व सुखसागर सहित क्षेत्र के हजारों नवयुवक ,प्रवासी मजदूर मौजूद रहे।वहीं पीपल ट्री वेचर्स प्रा0लि0 के संयोजक व प्रबंधक राजेश मिश्रा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृतचिन्ह देकर स्वागत व अभिनन्दन कियाद्यकार्यक्रम का सफल संचालन शिव स्वरूप के द्वारा किया गया।

# गोसाईगंज अयोध्या मिनी बस और डीसीएम की आमने–सामने से हुई जोरदार भिड़ंत, बाल बाल बची जान, 13 लोग हुए घायल

अमित रेखा अमित कुमार

अयोध्या। राम महर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार सुबह लगभग 8रू00 बजे अम्बेडकरनगर–फैजाबाद अनियंत्रित मिनी बस और डीसीएम में आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में मिनी बस में बैठे डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से घायल हुए लोगो को तत्काल एम्बुलेंस से मया बाजार सीएचसी केंद्र भिजवाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोदबाबू मिश्र ने बताया कि मिनी बस अम्बेडकरनगर की तरफ से यात्रियों को बिठाकर लखनऊ की तरफ जा रही थी। वह जैसे राममहर स्थित पेट्रोल पम्प से आगे पहुंची तभी सामने से आ रहे डीसीएम से टकरा गयी। टक्कर होते ही बस में बैठे यात्रियों में चीखपुकार मच गई। शोर सुनकर दौड़े आसपास के ग्रामीणों ने मामले की जानकारी गोसाईगंज पुलिस को दी और घायलों को बस से निकालने में जुट गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मिनी बस के लगभग 18 और डीसीएम चालक सहित कुल 20 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को मया सीएचसी भेजा गया, जहां से पांच घायलों को चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



# भारतीय टेनिस से जुड़े रहे पूर्व डेविस कप कोच अख्तर अली का निधन

*लंबे समय तक भारतीय टेनिस से जुड़े रहे पूर्व डेविस कप कोच अख्तर अली का रविवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे। भारतीय डेविस टीम के वर्तमान कोच जीशान अली के पिता अख्तर ने कोलकाता में अंतिम सांस ली।*

कोलकाता। लंबे समय तक भारतीय टेनिस से जुड़े रहे पूर्व डेविस कप कोच अख्तर अली का रविवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे। भारतीय डेविस टीम के वर्तमान कोच जीशान अली के पिता अख्तर ने कोलकाता में अंतिम सांस ली। वह 83 वर्ष के थे। सर्व और वॉली गेम की अपनी विशेष कोचिंग शैली के लिये पहचाने जाने वाले अख्तर ने कई खिलाड़ियों को तैयार करने में अहम भूमिका निभायी जिनमें दिग्गज लिएंडर पेस और जीशान शामिल हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उन्हें दो सप्ताह पहले शहर के एक अस्पताल में ले जाया गया था जहां चिकित्सकों ने उनके सीने में गांठ और प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाया था।

वह पहले ही पर्किन्सन रोग से पीड़ित थे। दिल्ली में जूनियर राष्ट्रीय शिविर चला रहे जीशान अपने पिता के साथ कुछ समय बिताने के बाद सोमवार को ही वापस लौटै थे। वह उनके निधन का समाचार सुनकर वापस लौट गये। विजय अमृतराज ने ट्वीट किया, ''अख्तर अली शानदार कोच थे। उन्होंने भारतीय टेनिस की बहुत सेवा की। जीशान और उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना हैं। '' अख्तर अली ने 1958 से लेकर 1964 तक आठ डेविस कप मुकाबलों में हिस्सा लिया। वह भारतीय टीम के कप्तान और कोच भी रहे।



## भारतीय स्कूल खेल महासंघ का दोबारा होगा चुनाव, मंत्रालय ने दिए आदेश

*मंत्रालय ने एसजीएफआई को नये सिरे से चुनाव करवाने को कहा है।इस संहिता के अनुसार चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करने का अधिकार सबंधित महासंघ के अध्यक्ष को होता है। एसजीएफआई के अध्यक्ष दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार हैं।*



नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय स्कूल खेल महासंघ (एसजीएफआई) को नये सिरे से चुनाव कराने के लिये कहा क्योंकि उसने दिसंबर 2020 में कराये गये चुनावों में राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन किया था। एसजीएफआई ने पिछले साल 19 और 30 दिसंबर को सेवानिवृत न्यायाधीश सैयद जफर हुसैन की निगरानी में तमिलनाडु के नागपट्टिनम में अपनी वार्षिक आम बैठक में चुनाव कराये थे। लेकिन मंत्रालय ने शुक्रवार को अपने एक पत्र में कहा कि इन चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता (एनएसडीसीआइ) 2011 के आदर्श चुनाव दिशानिर्देशों के प्रावधानों का उल्लंघन हुआ था। इस संहिता के अनुसार चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करने का अधिकार सबंधित महासंघ के अध्यक्ष को होता है। एसजीएफआई के अध्यक्ष दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार हैं। भारत सरकार में उप सचिव एसपीएस तोमर ने पत्र में कहा, ''चुनाव अधिकारी नियुक्त करने से लेकर चुनाव की पूरी प्रक्रिया एसजीएफआई के अध्यक्ष से मंजूरी के बिना संपन्न हुई जो कि एनएसडीसीआई 2011 का उल्लंघन है। '' इसमें कहा गया है, ''इसलिए आपसे भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011 के आदर्श चुनाव दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार फिर से चुनाव कराने का अनुरोध किया जाता है।

## पूर्व तेज गेंदबाज मोजली की सड़क दुर्घटना में मौत

*वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इजरा मोजली का सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वह 63 वर्ष के थे। 'नेशनन्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार मोजली अपनी साइकिल पर जा रहे थे जब एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कार एक किशोर चला रहा था।*

किंगस्टन। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इजरा मोजली का सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वह 63 वर्ष के थे। 'नेशनन्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार मोजली अपनी साइकिल पर जा रहे थे जब एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कार एक किशोर चला रहा था। मोजली ने 1990 में इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने 1990 से 1991 तक नौ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने इससे पहले 1982–83 में दक्षिण अफ्रीका दौरा किया था जिसके कारण उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मोजली ने हालांकि बाद में वापसी की और इंग्लिश काउंटी ग्लेमोर्गन की तरफ से भी खेले। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने 2016 में जब टी20 विश्व कप जीता था तो वह उसके सहायक कोच थे।






## नेपाल को कोविड–19 टीकों की पांच लाख खुराकें देगा चीन

काठमांडू चीन ने नेपाल को कोविड–19 टीकों की पहली खेप भेजी तथा उसके अधिकारियों ने शनिवार को यहां कहा कि नेपाल को अनुदान के तौर पर टीकों की 5,00,000 खुराकें भेजी जाएंगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने नेपाली समकक्ष प्रदीप ग्यावली के साथ शुक्रवार शाम को फोन पर बात की और आश्वासन दिया कि टीका सहयोग में चीन नेपाल को प्राथमिकता देगा। इसमें बताया गया कि वांग ने घोषणा की कि चीन अनुदान के आधार पर नेपाल को कोविड–19 टीकों की 5,00,000 खुराकें देगा। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट के मुताबिक ग्यावली के साथ बातचीत में वांग ने कहा कि नेपाल को कोविड–19 टीकों की तत्काल आवश्यकता है जिसे चीन महत्वपूर्ण मानता है और उसने सहायता के रूप में टीकों की पहली खेप उसे देने का फैसला लिया है। काठमांडू में चीन के दूतावास की ओर से हाल में कहा गया था कि चीन नेपाल को टीकों की 300,000 खुराकें देगा जिससे नेपाल के 1,50,000 लोग लाभान्वित हो सकते हैं। 'माए रिपब्लिका' पोर्टल के मुताबिक दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत में चीन ने नेपाल को 500,000 खुराकें देने का फैसला किया। चीन के इस फैसले को बीजिंग की टीका कूटनीति के प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि 22 जनवरी को भारत ने नेपाल को कोविड–19 की दस लाख खुराकें भेंट की थीं।

## विदेशों में तेजी, स्थानीय मांग से तेल–तिलहन कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। सरसों, मूंगफली की स्थानीय मांग बढ़ने के कारण दिल्ली तेल–तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, मूंगफली और पामोलीन समेत सभी तेल–तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। तेल उद्योग के जानकार सूत्रों के अनुसार बाजार में पुरानी सरसों की किल्लत होने और स्थानीय मांग के कारण सरसों दाना समेत इसके तेल की कीमतों में सुधार का रुख रहा। पुराने सरसों तिलहन की कमी की वजह से देश में लगभग आधी मिलें बंद हो गयी हैं। अभी सरसों की नयी फसल का हरापन खत्म होने में लगभग एक महीने का समय लग सकता है। इस कमी की वजह से सरसों दाना सहित इसके तेल की कीमतों में पर्याप्त सुधार आया। उन्होंने कहा कि मूंगफली की स्थानीय खाने की मांग के साथ–साथ निर्यात की भी मांग बढ़ने से मूंगफली तेल– तिलहन कीमतों में सुधार आया। कोरोना वायरस की घटती रफ्तार के कारण पॉल्ट्री में सोयाबीन खल (डीओसी) की निर्यात मांग बढ़ी है जिससे सोयाबीन तेल–तिलहन की कीमतों में भी पर्याप्त सुधार आया। मलेशिया एक्सचेंज में तेजी की वजह से सीपीओ के साथ–साथ पामोलीन तेल कीमतों में भी सुधार देखने को मिला। बाजार में शनिवार को थोक भाव इस प्रकार रहे– (भाव– रुपये प्रति क्विंटल) सरसों तिलहन – 6,325 – 6,375 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये। मूंगफली दाना – 5,665–5,730 रुपये। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात)– 14,250 रुपये। मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,270 – 2,330 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी– 12,900 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी– 1,940 –2,090 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी– 2,070 – 2,185 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी – 11,100 – 15,100 रुपये। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली– 12,100 रुपये। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर– 11,650 रुपये। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला– 10,800 रुपये। सीपीओ एक्स–कांडला– 9,900 रुपये। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)– 10,500 रुपये। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली– 11,400 रुपये। पामोलिन कांडला 10,650 (बिना जीएसटी के) सोयाबीन तिलहन मिल डिलीवरी 4,725– 4,775 रुपये, लूज में 4,625– 4,675 रुपये मक्का खल (सरिस्का) 3,525 रुपये



## संक्षिप्त



### इन दो खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन तैयारी के टूर्नामेंट से वापिस लिया नाम

मेलबर्न। पूर्व चौम्पियन नाओमी ओसाका और विक्टोरिया अजारेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ओसाका ने मामूली चोट के कसरण गिप्सलैंड ट्रॉफी सेमीफाइनल से नाम वापिस लिया जहां उनका सामना एलिसे मर्टेंस से होना था। वहीं अजारेंका ने कमर में दर्द के कारण ग्राम्पियंस ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से नाम वापिस लिया जिसमें उन्हें एनेट कोंटावेट से खेलना था। इससे पहले सेरेना विलियम्स ने कल एशले बार्टी के खिलाफ यारा वैली क्लासिक से नाम वापिस ले लिया था।

### नॉर्दन वॉरियर्स ने दूसरी बार जीता टी–10 लीग का खिताब,फाइनल में दिल्ली बुल्स को हराया

अबू धाबी। नॉर्दन वॉरियर्स ने शनिवार को दिल्ली बुल्स को आठ विकेट के हराकर अबू धाबी टी–10 लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। नॉर्दन वॉरियर्स ने शनिवार को दिल्ली बुल्स को आठ विकेट के हराकर अबू धाबी टी–10 लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबीज करते हुए दिल्ली बुल्स ने निर्धारित 10 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। जवाब नॉर्दन वॉरियर्स ने 10 गेंदें शेष रहते ही 85 रन बनाकर यह खिताबी मुकाबला जीत लिया। दरअसल, टी–10 लीग के इतिहास में यह नॉर्दन वॉरियर्स की दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले साल 2018 में नॉर्दन वॉरियर्स ने पखतून्स को 22 रन से हराकर पहली बार टी–10 लीग का खिताब अपने नाम किया था।

### मैक्स हेल्थकेयर को तीसरी तिमाही में 90.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की कंपनी मैक्स हेल्थकेयर ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर, 2020 में समाप्त तीसरी तिमाही में 90.36 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 1.80 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 835.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 277.68 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल कर्ज घटकर 1,867 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले 1,988 करोड़ रुपये था। मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अभय सोई ने कहा, ''हम तीसरी तिमाही के नतीजों से काफी खुश हैं। मजबूत बुनियाद के साथ हमने सर्वश्रेष्ठ परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया है।

### सीतारमण ने 7.47 लाख चाय बागान श्रमिकों को 224 करोड़ रुपये वितरित किए

गुवाहाटी। असम में विधानसभा चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने शनिवार को राज्य के 7.47 लाख चाय बागान श्रमिकों को 224 करोड़ रुपये वितरित किए। प्रत्येक श्रमिक को 3,000 रुपये दिए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री असम चाह बगीचा धन पुरस्कार मेला योजना की तीसरी किस्त के तहत चाय श्रमिकों को वित्तीय सहायता देने के लिए एक कार्यक्रम में भाग लेने आई थीं। सीतारमण ने कहा, ''2014 के लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी जी ने चाय बागान श्रमिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने की इच्छा जताई थी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के सत्ता में आने के बाद उनके लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं।'' इस प्रमुख कार्यक्रम की तीसरी किस्त के तहत 7,46,667 श्रमिकों के बैंक खातों में 3,000–3,000 रुपये की अतिरिक्त राशि डाली जाएगी। इससे पहले सभी चाय बागान श्रमिकों को दो चरणों में 5,000–5,000 रुपये दिए गए हैं। चाय बागान श्रमिकों के 6,33,411 बैंक खातों में 2017–18 में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये यह राशि डाली गई थी। 2018–19 में 7,15,979 श्रमिकों के खातों में डीबीटी के जरिये नकद राशि डाली गई। सीतारमण ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लिए डीबीटी के इस्तेमाल से बिचौलिये समाप्त हो गए हैं। केंद्र सरकार भविष्य में भी असम के चाय बागान श्रमिकों को समर्थन जारी रखेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 2021–22 के आम बजट में असम और पश्चिम बंगाल के चाय बागानों की महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा, ''चाय बागान श्रमिकों के बैंक खाते खुलने के बाद कुछ मुद्दे आए थे। लेकिन मैंने पिछले साल फरवरी में बैंक अधिकारियों से इस बारे में बात की। अब सभी विसंगतियों को दूर कर लिया गया। बैंककर्मियों ने कोविड–19 संकट में काफी मेहनत की। अब सभी चीजें पटरी पर आ गई हैं।

### विवाद से विश्वास' के माध्यम से प्रत्यक्ष कर संबंधी 25 प्रतिशत विवादों का समाधान हुआ

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी कर विवाद समाधान योजना 'विवाद से विश्वास' ने 5.10 लाख कर विवादों का लगभग एक चौथाई हिस्सा सुलझा दिया है। इसके तहत लगभग 97 हजार करोड़ रुपये मूल्य के विवादित कर मामले हल किये जा चुके हैं। राजस्व विभाग (डीओआर) के सूत्रों के अनुसार, अब तक 1,25,144 मामलों में विवाद से विश्वास योजना को चुना गया है। ये विभिन्न न्यायिक मंचों के पास कुल 5,10,491 लंबित मामलों का 24.5 प्रतिशत हैं। सूत्रों ने कहा कि विवाद से विश्वास योजना की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक है और इसमें 97 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि के कर विवाद मामले निपटाये गये हैं। विवाद से विश्वास योजना को प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना 2016 (डीटीडीआरएस) की तुलना में 15 गुना बेहतर प्रतिक्रिया मिली है। समाधान की विवादित राशि के संबंध में यह डीटीडीआरएस का 153 गुना है। 1998 की कर विवाद समाधान योजना (केवीएस) केवल कुछ हजार मामलों के साथ 739 करोड़ रुपये के मामलों का समाधान कर सकी।

## सम्पादकीय........

# डिग्रियों का गोरखधंधा

हिमाचल प्रदेश के एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जा रहा फर्जी डिग्रियों का गोरखधंधा उजागर होने से शिक्षा में निजी क्षेत्र की भूमिका पर फिर सवाल खड़े हुए हैं। फर्जी डिग्री की बिक्री और खरीद की उत्कंठा हमारे समाज में नैतिक मूल्यों के पराभव की भी दास्तान बताती है। यद्यपि जांच के प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के जरिये 17 राज्यों में 36000 फर्जी डिग्रियों का पता चला है, लेकिन जब पूरा सच सामने आयेगा तो तस्वीर और डराने वाली होगी। जांचकर्ताओं ने इस संख्या को भ्रष्टाचार के सागर में तैरते हिमखंड की संज्ञा दी है जो पानी के ऊपर कम दिखायी देता है मगर पानी के नीचे लंबा–चौड़ा विस्तार लिये होता है जो घोटाले के व्यापक दायरे की ही पुष्टि करता है। दरअसल, हिमाचल के सोलन स्थित इस निजी विश्वविद्यालय से घोटाले का खुलासा होने के बाद विशेष जांच दल ने बरामद 55 हार्ड डिस्क में से अब तक केवल 14 को ही स्कैन किया है। निस्संदेह जब सभी हार्ड डिस्क जांच ली जायेंगी तो घोटाले के वास्तविक आकार का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को गुमनाम शिकायत करने पर इस घोटाले के खुलासे से राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की कार्य संस्कृति पर सवाल उठे हैं। यह खुलासा कई सवालों को भी जन्म देता है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्वविद्यालय परिसर में एक दशक से अधिक समय से गैरकानूनी गतिविधियों को चलाया जा रहा था। सवाल उठता है कि आखिर वह निगरानी व नियामक तंत्र इतने समय तक क्यों सोया रहा, जिसकी जिम्मेदारी निजी विश्वविद्यालयों की कारगुजारियों की निगरानी करना और अनुचित पर रोकथाम लगाना होता है। निस्संदेह, ऐसे मामलों में शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों की ओर भी उंगलियां उठेंगी कि उनकी नाक के नीचे शिक्षा के नाम पर एक दशक तक गोरखधंधा कैसे चलता रहा। क्यों नहीं समय रहते कार्रवाई की गई। क्यों शिक्षा की विश्वसनीयता से खिलवाड़ का खतरनाक खेल एक दशक तक चलता रहा। निस्संदेह सरस्वती के मंदिर में अवैध कारोबार का यह घोटाला विचलित करने वाला है। कुछ मेहनती विद्यार्थी अपना जीवन होम करके तथा माता–पिता की खून–पसीने की कमाई खर्च करके जो डिग्री हासिल करते हैं, उसे समाज में आपराधिक सोच के लोग चंद रुपयों से चुटकियों में जुटा लेते हैं।घ्सवाल उन संस्थानों और विभागों का भी है जहां इन फर्जी डिग्री हासिल करने वाले लोगों ने नियुक्तियां पायी हैं। यह सवाल भी व्यथित करता है कि क्यों समाज में फर्जी डिग्रियों की मांग में लगातार वृद्धि हुई है। बिना प्रामाणिक शिक्षा और मूल्यांकन के ऐसी डिग्रियां हासिल करना उन क्षेत्रों के लिये घातक है जहां विषय की विशेषज्ञता की प्राथमिकता होती है। जिसके लिये राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। निस्संदेह इस घाटाले का खुलासा हमारी शिक्षा प्रणाली की विसंगतियों और विद्रूपताओं को ही उजागर करता है। सख्त और बिना किसी राजनीतिक दबाव के जांच करने पर कई अन्य निजी विश्वविद्यालयों में ऐसे खुलासे हो सकते हैं, जिनको लेकर गाहे–बगाहे मीडिया में खबरें तैरती भी रहती हैं। यह अच्छी बात है कि विश्वविद्यालय के कर्ताधर्ताओं की 192 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की गई है जो कि घोटाले के दायरे में आती है। मनी लांड्रिंग के आरोपों के बीच इस घोटाले में हुई कार्रवाई को देश में किसी भी निजी शैक्षणिक संस्थान के विरुद्ध उठाये गये सबसे बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## आज का राशिफल

मेष :– ईरीय आस्था में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। महत्वाकांक्षाओं को फलित करने में असमर्थता संभव। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

बृषभ :– उच्च महत्वाकांक्षा ऊंची प्रगति के लिए प्रेरित करेगी। किसी नई योजना पर विचारमग्न होंगे। दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रयत्नशील हों। आलस्य का त्याग करें।

मिथुन :– राजनीति से जुड़े लोगों के लिए लाभकारी स्थिति बनेजी। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। असमाजिक तत्वों से दूरी बनायें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

कर्क :– सगे–संबंधों में अपने नैतिक कर्त्तव्यों से विमुख न हों। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव।

सिंह :– आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा खुद के अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं। रोजगार में स्वयं की क्षमता का एहसास होगा।

कन्या :– निराशावादी विचारों का त्याग करें। परिजनों की छोटी–छोटी बातों का बुरा न मानें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहे।

तुला :– सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। अच्छे आचार–विचार से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। अपने स्वास्य का पूरा ख्याल करें। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

वृश्चिक :– कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। मधुरवाणी से संबंधों को प्रगाढ़ध बनाएंगे। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

धनु :– महत्वपूर्ण दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। घर में किसी पुराने संबंधी का आगमन हो सकता है।

मकर :– निकट संबंधों में कुछ अप्रिय बाते दूरी पैदा करेंगी। भौतिक आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। मूल्यवान समय को व्यर्थ में जाया न होने दें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करने का प्रयत्न करें।

कुंभ :– पूरा दिन अध्यात्मिक व पारंपरिक कायरे में व्यतीत होगा। किसी इच्छित कार्य की पूर्ति से प्रसन्नता संभव। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। आवश्यकतानुसार भौतिकता को अपनाएं।

मीन :– कायरे के अत्याधिक बोझ से मन बोझिल होगा। जीवनसाथी के भावनात्मक सहयोग उत्साह का संचार होगा। शासन–सत्ता व राजकीय क्षेत्र के लोगों की क्रियाशीलता बढ़ेगी।

# बैंको की मनमानी पर आरबीआई का डण्डा

**प्रेम शर्मा**

*शिकायतों के निपटारी के साथ बैंक के ग्राहक सेवा समिति के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी। इन सभी समीक्षाओं के बाद आरबीआई सम्बंधित बैंकों को एक्शन प्लान बनाकर देगा जिसे बैंकों को समय सीमा पर लागू करना होगा। ऐसा न करने पर बैंकों के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई की जाएगी। बैंकों को अपनी सालाना रिपोर्ट में शिकायतों को लेकर प्रकटीकरण भी करना होगा। आपाकों याद होगा कि जिस आपातकाल के विरोध में पिछली सदी के आठवें दशक में देशव्यापी विरोध का ज्वार उठा था, उसमें कुछ अच्छी बातें भी हुई थीं। यह अलग बात है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रीति–नीति के खिलाफ एकजुट प्रतिपक्ष ने नकारात्मक तिलों को ताड़ बनाकर लोकमत को अपनी तरफ मोड़ने में ऐतिहासिक सफलता पा ली थी।*

भारत में बैंको की मनमानी लम्बे अरसे से जारी है। नोटबंदी काल की बॉत करे या फिर विलय के बाद बैंको की संचालन प्रकिया पर चर्चा करे आम ग्राहक बैंको की कार्यप्रणाली से परेशान और चितिंत है। बैंको की बढ़ती शिकायत देखते हुए एक बार फिर भारतीय रिजर्व बैंक ने नई गाइडलाइन जारी की है। निश्चत तौर पर देखा जाए तो नोटबंदी के समय आम और खास आदमी में फर्क देखने को मिला, काफी मोटा धन प्रबंधकों के माध्यम से बदला भी गया। अब जबकि बैंकों में विलय हुआ तो और भी मनमानी सामने आने लगी है। कही एटीएम बंद पड़े है तो कही पास बुकों में एन्ट्री नही हो रही, कही नए एटीएम कार्ड काम नही कर रहे तो कही बैंक कार्मिक ग्राहकों की सुन नही रहे। बैंको में बढ़ती शिकायतों से परेशान रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ने भी नयी गाइडलाइन जारी कर बैंकों की जबाबदेही तय की है। ग्राहकों की शिकायतों के जल्द निबटारे के लिए बैंकों को पहले भी आरबीआई कई बार दिशा निर्देश जारी कर चुका है लेकिन मोटी पगार पाने वाले बैंक के कर्ताधर्ता में कोई सुधार नही आ रहा था। माना जा रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा बैंकों के विलय का कदम इसी मनमानी को रोकने के तहत किया गया था। लेकिन अब फिर आरबीआई ने बैंकों को ग्राहक की ओर से मिलने वाली शिकायतों का निपटारा तय समय सीमा के अन्दर करना होगा। ऐसा न करने पर शिकायतों पर आने वाला खर्चा सम्बंधित बैक से वसूला जाएगा। बैंक से खर्च की वसूली सामन साइज क बैंकों की तुलना में ज्यादा शिकायतें होने पर लागू होगी और इसका आधार बैकिंग ओम्बुड्स मैन होगा। केवल उन्ही मामलों में खर्च वसूला जाये जो सुनवाई के लायक होगें। आरबीआई ने सके लिजए तीन पैमाने निर्धारित किये है। अगर किसी भी एक पैमाने में अधिकाधिक शिकायते मिलती है तो तीस प्रतिशत, दो पर 60 और तीन पर सौ प्रतिशत वसूली की जाएगी। शिकायतों के निपटारी के साथ बैंक के ग्राहक सेवा समिति के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी। इन




सभी समीक्षाओं के बाद आरबीआई सम्बंधित बैंकों को एक्शन प्लान बनाकर देगा जिसे बैंकों को समय सीमा पर लागू करना होगा। ऐसा न करने पर बैंकों के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई की जाएगी। बैंकों को अपनी सालाना रिपोर्ट में शिकायतों को लेकर प्रकटीकरण भी करना होगा। आपाकों याद होगा कि जिस आपातकाल के विरोध में पिछली सदी के आठवें दशक में देशव्यापी विरोध का ज्वार उठा था, उसमें कुछ अच्छी बातें भी हुई थीं। यह अलग बात है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रीति–नीति के खिलाफ एकजुट प्रतिपक्ष ने नकारात्मक तिलों को ताड़ बनाकर लोकमत को अपनी तरफ मोड़ने में ऐतिहासिक सफलता पा ली थी, लेकिन यह आपातकाल ही था, जिसमें रेलगाड़ियां समय से चलने लगी थीं और सरकारी दफ्तरों में बाबू अपनी कुर्सियों पर विराजमान दिखते थे। उस दौर में सरकार ने कुछ नारे (सूत्र वाक्य) गढ़े थे। इनमें से एक था–देरी से असंतोष बढ़ता है। लगभग चार दशक के दौरान राजनीति और समाज में बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन देरी से असंतोष का सच नहीं बदला है, बल्कि इसका विस्तार ही हुआ है। देरी से असंतोष ही नहीं, भ्रष्टाचार भी बढ़ता है। इसी आशाय पर बिहार में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान नीतिश सरकार ने बिहार सरकार ने 16 प्रकार की जरूरी सरकारी सेवाओं को समयबद्ध करने के लिए ही अनिवार्य सेवा कानून को लागू किया था। उस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि बैंकिंग सेवा को भी इस तरह के दायरे में लाने की जरूरत है। उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष (2012–13) की पहली राच्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की बैठक में बड़े प्रभावशाली ढंग से आम लोगों के असंतोष को वाणी दी। मुख्यमंत्री का कहना था कि बैंक संबंधी सेवाओं के लिए भी समय सीमा तय होना जरूरी है। बैंकों के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि वे बतायें कि कौन सी सेवा कितनी अवधि में मिलेगी और नहीं मिलेगी तो क्यों? जिस तरह केंद्र ने सिटीजन चार्टर की व्यवस्था की है और बिहार में लोक सेवा का अधिकार कानून लागू है, उसी तरह से। यह विचार उन लोगों को सुकून देने वाला है, जो मामूली और वाजिब कर्ज पाने के लिए बैंक के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके हैं। एक तरफ बैंक कार लोन, होम लोन जैसे कर्ज कम समय में और न्यूनतम किस्तों पर (ईएमआई) देने के लिए लुभावने इश्तहार देते हैं, दूसरी तरफ उच्च शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्र में कर्ज देने में कोताही बरते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का वितरण नहीं हो पाता। इसके लिए प्रशासन की पहल से जो शिविर लगते हैं, उनके प्रति बैंक अधिकारियों की ऐसी उदासीनता सामने आती है कि शिविर अपने मकसद पूरे नहीं कर पाते। अब ग्राहकों की शिकायत की अनदेखी करना बैंकों को भारी पड़ने वाला है। बैंक ग्राहकों की ओर से बढ़ती शिकायतों को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नई गाइडलाइंस जारी किया है। इसके तहत बैंकों को ग्राहकों की ओर से मिली शिकायत का निपटारा तय समयसीमा के अंदर करना होगा। ऐसा नहीं करने पर बैंक से शिकायतों का निपटारा करने में जो भी खर्च आएगा वो वसूला जाएगा।हालांकि, ग्राहकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। ग्राहकों से शिकायत की सुनवाई पर पहले की ही तरह कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। आरबीआई ने हाल के दिनों में तेजी से बढ़ती शिकायतों को देखते हुए बैंकों को अपना शिकायत निवारण तंत्र को समयबद्ध तरीके से सुधारने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर बैंकों के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि एक सख्त शिकायत निवारण तंत्र बैंकिंग कारोबार का हिस्सा है। इससे बैंक मुंह नहीं मोड़ सकते हैं। यही नही आरबीआई के मुताबिक एटीएम, डेबिट–क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग, मिस सेलिंग, रिकवरी एजेंट, लोन और एडवांस, बिना नोटिस चार्ज, चेक, ड्राफ्ट, स्टाफ का व्यवहार आदि मामलों के शिकायतों पर नई गाइडलाइंस जारी होगी। ऐसे में एक बार फिर ऐसा माना जा सकता है कि आरबीआई की नई गाइड लाइन आने के बाद शायद भारतीय बैंकों की कार्यप्रणाली में कुछ सुधार दिखाई पड़े,बहरहाल अगर इस गाइड लाइन के आने के बाद भी अगर भारतीय बैंकिंग व्यवस्था का यही हाल रहा तो निश्चित मानिए कि अगर का अगला कदम शायद फिर बैंको का विलय कर इसकी संख्या को आधा कर देगा।

# जनता के भरोसे जोखिम उठाते मोदी

**प्रदीप सिंह**

अपने समर्थकों और देश के आमजन की सहज बुद्धि पर शायद ही किसी प्रधानमंत्री को ऐसा भरोसा रहा हो, जैसा मोदी दिखा रहे हैं। किसी भी नेता की राजनीतिक पूंजी उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। नेता इसका इस्तेमाल बड़ी किफायत से करते हैं और इसके प्रति सजग रहते हैं कि इसमें कमी न होने पाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास राजनीतिक पूंजी बहुत ज्यादा है, पर वह इसका इस्तेमाल बड़ी दरियादिली से करते हैं। लगता है उन्हें इसका अक्षय पात्र मिल गया हो। किसान आंदोलन के माहौल में कोई भी प्रधानमंत्री लोकलुभावन घोषणाओं का सहारा लेता। इसके विपरीत मोदी सरकार ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की। बजट के जरिये मोदी विकास की राजनीति की एक नई इबारत लिख रहे हैं। मोदी बड़ा राजनीतिक जोखिम मोल ले रहे हैं। वह एक के बाद एक नए–नए आध्थक सुधार के ऐसे कदम उठा रहे हैं, जो राजनीतिक घाटे का सौदा बन सकते हैं। इन कदमों का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है कि ये विपरीत परिस्थितियों में उठाए जा रहे हैं। खराब परिस्थितियां केवल राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि कोरोना के कारण भी हैं। मोदी के राजनीतिक विरोधियों के दो वर्ग हैं। एक दाएं–बाएं देखकर विरोध करता है। दूसरा, लगातार विरोध में लगा रहता है। मोदी का विरोध बाहर ही नहीं घर में भी है। संघ परिवार के विभिन्न आनुषांगिक संगठनों में से कोई एक समय–समय पर विरोध की आवाज बुलंद करता ही रहता है। किसानों के नाम पर चल रहा आंदोलन पहले अहिंसक से हिंसक हुआ और फिर गैर–राजनीतिक से



राजनीतिक। विरोध के इस वातावरण में किसी भी सरकार के हाथ–पांव फूल सकते हैं। विरोध का आलम यह है कि तिरंगे के अपमान के साथ गणतंत्र दिवस एवं लाल किले की मर्यादा तार–तार करने और पुलिस वालों पर जानलेवा हमला करने वालों का भी समर्थन किया जा रहा है। आपने इससे पहले देश में कोई ऐसा आंदोलन देखा है, जिसमें चार सौ पुलिस वाले घायल हो जाएं, उन पर लाठी, डंडे, लोहे के रॉड से ही नहीं तलवार से भी हमला हो और ऐसा करने वाले सीना तान कर घूम रहे हों। जैसे पीडिघ्त ही दोषी हों। ट्रैक्टरों को अभी तक हमने खेतों में चलते देखा था। 26 जनवरी को उन्हें हथियार के रूप में इस्तेमाल होते देखा। विरोधियों के हिसाब से यह सब जायज है, क्योंकि वह मोदी के विरोध में है। मोदी इन सब से कतई विचलित नहीं लगते। अपने समर्थकों और देश के आमजन की सहज बुद्धि पर शायद ही किसी प्रधानमंत्री को ऐसा भरोसा रहा हो। उनके मन में यह बात बहुत गहरे बैठी हुई है कि लोग ईमानदार आदमी का साथ देते हैं। भारतीय समाज के मानस में एक बात गहरे पैठी हुई है कि ईमानदार आदमी अच्छा होता है और वह व्यक्तिगत स्वार्थ पर समाज के हित को वरीयता देता है। इसीलिए विपक्ष के इतने बड़े नेताओं के होते हुए भी उन्हें 1975 में एक जयप्रकाश नारायण, 1986–87 में एक वीपी सिंह और 2011 में एक अन्ना हजारे की जरूरत पड़ी। इन तीनों अवसरों पर सत्तारूढ़ दल और उसके नेतृत्व पर भ्रष्टाचार के आरोप थे। जनमानस में उनकी विश्वसनीयता नहीं रह गई थी और लोकप्रियता निचले पायदान पर थी। जेपी, वीपी और अन्ना के सफल होने का यह एक बहुत बड़ा कारण था। विपक्ष के दुर्भाग्य से उसके सामने ऐसा कोई नेता नहीं है। देश के सौभाग्य से वर्तमान सरकार का नेतृत्व ईमानदारी की मिसाल है। उसकी लोकप्रियता और विश्वसनीयता कम होने के बजाय बढ़ी ही है। मोदी से पहले केवल नेहरू ही ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो सत्ता में आने के बाद भी विश्वसनीय और लोकप्रिय बने रहे। कहावत है कि अच्छी अर्थनीति खराब राजनीति होती है और अच्छी राजनीति खराब अर्थनीति। मतलब यह कि दोनों को एक साथ नहीं साध सकते, पर ऐसा लगता है कि मोदी श्एकै साधे सब सधें, सब साधे सब जाएग्, की नीति में विश्वास करते हैं। पिछले करीब पौने सात सालों ने यह दिखाया है कि अर्थनीति हो या राजनीति, फैसले अच्छी नीयत से किए जाएं तो नतीजा अच्छा ही निकलता है। जब–जब संकट की घड़ी आई, मोदी ने देश के लोगों पर भरोसा किया और देशवासियों ने मोदी पर। नेता और जनता के इस परस्पर भरोसे की तुलना कुछ हद तक जवाहरलाल नेहरू के समय से की जा सकती है। जब कांग्रेस के लोग मानकर चलते थे कि नेहरू जो कहेंगे, देश उसी को सच मानेगा। लोग मानकर बैठे हैं कि दर्द कितना भी बड़ा हो, उसकी दवा मोदी के पास है। लगभग चार दशक से मैं भारतीय राजनीति को करीब से देख रहा हूं। मुझे याद नहीं कि कभी विपक्ष इतना निस्तेज और साख विहीन रहा हो। यह स्थिति जनतंत्र के लिए अच्छी नहीं है, लेकिन वास्तविकता को नजरअंदाज तो नहीं किया जा सकता। किसी भी सरकार के खिलाफ मुद्दा हो तो विपक्ष की ताकत बढ़ती है, पर यह भी सही है कि मुद्दे केवल अवसर देते हैं। अवसर का लाभ उठाने के लिए विश्वसनीयता जरूरी होती है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कविता का उद्धरण दिया। इसका अर्थ था कि चिड़ियों को पौ फटने से पहले ही रोशनी का आभास हो जाता है और वे चहचहाने लगती हैं। कोरोना महामारी से देश जिस तरह निपटा, चीन को सीमा पर जिस तरह का जवाब दिया गया, वैक्सीन के विकास और टीकाकरण में जिस तरह की शुरुआत हुई और अब बजट के जरिये आंथिक मोर्चे पर जिस तरह की पहल हुई, वह नए भारत के अभ्युदय का संकेत है। मोदी ने न केवल इस संकेत को पहचान लिया है, बल्कि इसकी पूरी तैयारी भी कर ली है। आने वाला समय भारत का है और उसके स्वागत की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह बात तमाम दुनिया को नजर आ रही है। कुछ लोगों को यह बात समझ में नहीं आ रही, क्योंकि उनकी निंदा हीनभावना से उत्पन्न हुई है। जब आप कर्म के मामले में कमजोर होने लगते हैं तो निंदा आपके स्वभाव का स्थायी भाव बन जाती है। हरिशंकर परसाई ने लिखा है कि ईर्ष्या–द्वेष से प्रेरित निंदा करने वाले को कोई दंड देने की जरूरत नहीं है। निंदक बेचारा स्वयं दंडित होता है। आप चौन से सोइए और वह जलन के मारे सो नहीं पाता। निरंतर अच्छा काम करते जाने से उसका दंड भी सख्त होता जाता है। हम और आप ऐसा होते हुए देख रहे हैं।

(लेखक राजनीतिक विश्लेशषक हैं)

# क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया सनी लियोनी का बयान, 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप



कोच्चि क्राइम ब्रांच ने ध ोखाधड़ी केस में शुक्रवार रात को एक्ट्रेस सनी लियोनी का बयान दर्ज किया। पेरुमबवूर के आर शियास ने सनी लियोनी पर 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। शियास ने अपनी शिकायत में बताया कि सनी लियोनी ने दो इवेंट में शामिल होने के लिए 29 लाख रुपये लिए थे, लेकिन वह शामिल नहीं हुईं। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक, यूनिट की टीम ने सनी लियोनी से तिरुवनंतपुरम जिले के पूवर में मुलाकात की और उनका बयान रिकॉर्ड किया गया, जहां पर वह अपने किसी प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग कर रही थीं। शिकायतकर्ता शियास ने स्टेट पुलिस में सनी लियोनी के खिलाफ शिकायत की थी, जिसे बाद में क्राइम ब्रांच को फॉरवर्ड कर दिया गया। बेटे अबराम के साथ लंच डेट पर निकलीं गौरी खान, चर्चा में है मां–बेटे का लुक इन दिनों सनी लियोनी केरल में रिएलिटी शो स्प्लिट्सविला की शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह पार्क में क्रिकेट खेलती नजर आई थीं। तैमूर के समय प्रेग्नेंसी में खराब हो गई थी करीना कपूर की हालत, बताया इस बार कैसा कर रही हैं महसूस सनी लियोनी की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह पिछली बार देवांग ढोलकिया द्वारा निर्देशित वेबसीरीज बुलेट में नजर आई थीं। इस सीरीज में उनके साथ करिश्मा तन्ना भी लीड रोल में थीं। हालांकि, एमएक्स प्लेयर पर रिलीज इस सीरीज को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। अब सनी लियोनी वेब सीरीज अनामिका में नजर आएंगी। इसे विक्रम भट्ट डायरेक्ट कर रहे हैं।

# सलमान खान ने अर्शी की उर्दू का उड़ाया मजाक

रिएलिटी शो बिग बॉस 14 के वीकेंड का वार एपिसोड में एंटरटेनमेंट का जबरदस्त तड़का लगने वाला है। दरअसल, शो में फिल्म राधे के को–स्टार्स दिशा पाटनी और रणदीप हुड्डा स्पेशल गेस्ट के तौर पर नजर आएंगे। एपिसोड का एक प्रोमो वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान खान, अर्शी खान के उर्दू बोलने के तरीके का मजाक उड़ाते नजर आते हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान खान स्लो मोशन गाने पर दिशा और रणदीप हुड्डा के साथ डांस करते नजर आते हैं। उन्हें देखकर शो के कंटेस्टेंट्स निक्की तम्बोली, राहुल वैद्य, अली गोनी, राखी सावंत, देवोलीना भट्टाचार्जी, अभिनव शुक्ला और रुबीना दिलैक भी डांस करने लगते हैं। इसके बाद रणदीप हुड्डा, अर्शी खान से बोलते हैं, आपकी उर्दू की काफी तारीफ सुनी है क्या आप उर्दू में घरवालों को इंट्रोड्यूस करवाएंगी? इस पर अर्शी खान कहती हैं, अभिनव बहुत खुशमिजाज इंसान हैं लेकिन रुबीना को वह तकब्बुर से भरी खातून बताती हैं। इसके बाद सलमान खान, अर्शी के उर्दू बोलने के तरीके का मजाक उड़ाते है। वह अर्शी से कहते हैं, श्लोग दांत मांजते हैं और आप उर्दू के जरिए गला मांजती हैं।श यह सुनकर दिशा, रणदीप और बाकी घरवालें हंसने लगते हैं। लाखों रुपए अडवांस लेकर इवेंट में नहीं पहुंचीं सनी लियोनी, पुलिस ने की पूछताछ सलमान खान ने घरवालों की लगाई क्लास इससे पहले बिग बॉस 14 का नया प्रोमो सामने आया था, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान घर के सदस्यों पर भड़कते नजर आ रहे हैं। दरअसल, बिग बॉस में वीकेंड के वार में सलमान खान शो के सभी कंटेस्टेंट्स से बात करते हैं और अच्छे काम करने पर तारीफ करते हैं जबकि गलती पर फटकार लगाते हैं। प्रोमो में दिखा कि सलमान खान कंटेस्टेंट्स से नाराज होते हुए कहते हैं, श्क्या मैं ये सब कॉन्टेंट के लिए कर रहा हूं?श वहीं निक्की तम्बोली के राखी के मेकअप ब्रांड को श्लोखंडवाला ब्रांडश कहने पर सलमान कहते हैं, श्लोखंडवाला, तुम कहां से चांद से आए हो?श वहीं किसी बात पर जब अली गोनी सलमान खान से माफी मांगते हैं तो सलमान उन्हें श्शटअपश कह देते हैं। प्रोमो में सलमान आगे बोलते हैं, श्ये क्यों सुनाई देता है इस सीजन के अंदर कि कॉन्टेंट के लिए कर रहे हो। क्या मैं ये कॉन्टेंट के लिए कर रहा हूं? भाड़ में गया कॉन्टेंट। जो हरकतें हो रही हैं घर के अंदर, आप लोग बोल रहे हैं और वही हम लोग दिखा रहे हैं।श किसान आंदोलन पर सिलेब्रिटीज की चुप्पी पर बोले नसीरुद्दीन शाह, 7 पीढ़ियों के लिए जमा है फिर क्या डर है? सलमान खान का गुस्सा यहीं पर शांत नहीं होता है और वह इसके बाद राखी सावंत को थिएटर रूम में बुलाकर कहते हैं, श्लोगों पर लांछन लगाती हो, उनके कैरेक्टर पर सवाल उठाती हो।श हालांकि, राखी सफाई देती हैं लेकिन आगे सलमान गुस्से में कहते हैं, श्मैंने हमेशा सपोर्ट किया, अगर ये एंटरटेनमेंट है तो हमको एंटरटेनमेंट नहीं चाहिए।श



# तैमूर के समय प्रेग्नेंसी में खराब हो गई थी करीना कपूर की हालत, बताया इस बार कैसा कर रही हैं महसूस



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर दूसरी बार मां बनने वाली हैं। वह प्रेग्नेंसी पीरियड में भी लगातार काम कर रही हैं। करीना ने बताया कि पहली प्रेग्नेंसी के दौरान बहुत नर्वस थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। वह पहले से ज्यादा कॉन्फिडेंट फील कर रही हैं। करीना ने साल 2016 में बेटे तैमूर को जन्म दिया था। इस समय करीना 9 महीने की प्रेग्नेंट हैं लेकिन वह अपने काम पर भी फोकस कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने शूट के दौरान की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। इसके अलावा वह चौट शो ॅींज ॅवउमद ॅदज की भी रिकॉर्डिंग कर रही हैं, जिसमें सेलेब्स गेट के तौर पर आते रहते हैं। करीना ने टाइम्स नाउ से बातचीत में कहा, श्मुझे लगता है कि मैं पहले ज्यादा तैयार और कॉन्फिडेंट हूं। जब मैं पहली बार मां बनने जा रही थी तो बहुत नर्वस और चिढ़चिढ़ी थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मैं बहुत शांत हूं। मैं बिल्कुल भी क्रेजी नहीं हो रही हूं। एक्ट्रेस ने प्रेग्नेंसी के दौरान काम करने पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, श्प्रेग्नेंट महिला क्यों काम नहीं कर सकती हैं? मुझे लोगों की यह बात में समझ नहीं आती है। मैंने पूरी प्रेग्नेंसी में काम किया है और डिलीवरी के बाद भी काम करूंगी।श करीना ने आगे बताया कि एक्टिव रहना बच्चे के हेल्थ के लिए बहुत सही है। लाखों रुपए अडवांस लेकर इवेंट में नहीं पहुंचीं सनी लियोनी, पुलिस ने की पूछताछ करीना की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह आमिर खान के साथ लीड रोल में हैं। उन्होंने प्रेग्नेंसी के दौरान इस फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट की पूरी की थी। इस फिल्म का निर्देशन श्सीक्रेट सुपरस्टारश फेम डायरेक्टर अद्वैत चंदन कर रहे हैं।

# खूबसूरती से उम्र को मात देती हैं श्वेता तिवारी



श्वेता तिवारी का नाम उन टीवी अभिनेत्रियों में शुमार है, जो अपने स्टाइल से बॉलीवुड अभिनेत्रियों को भी मात देती हैं। श्वेता अपनी खूबसूरती से उम्र को मात देती हैं, यानी तस्वीरों से श्वेता की उम्र का पता लगाना नामुमकिन है। इस बीच श्वेता का लेटेस्ट फोटोशूट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# आपकी ये 8 गलतियां बिगाड़ देंगी ब्रेस्ट की नेचुरल शेप

प्रेगनेंसी के बाद महिलाओं के शरीर में कई बदलाव आते हैं, जिसमें से एक है ब्रेस्ट साइज बढ़ जाना। प्रेगनेंसी में ब्रेस्ट साइज में बदलाव आम है लेकिन कई बार आप रोजाना जाने अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठती हैं जो ब्रेस्ट साइज की नेचुरल शेप को बिगाड़ देती हैं। आज हम आपको यही बताएंगे कि आपकी किन लापरवाही के कारण ब्रेस्ट साइज खराब हो सकता है।

क्या ब्रेस्टफीडिंग से बिगड़ती है ब्रेस्ट शेप?

प्रैग्नेंसी के बाद कई बार स्तन में ढीलापन आ जाता है और लाख कोशिशों के बाद भी सही शेप में नहीं आता। हालांकि कुछ महिलाएं ब्रैस्टफीडिंग को इसका कारण मानती हैं और स्तनपान नहीं करवाती। जबकि शोध के मुताबिक, स्तनपान से स्तनों के आकार नहीं बदलता बल्कि इससे स्तन की त्वचा और भी सेहतमंद होती है।

बिना स्पोर्ट्स ब्रा के जॉगिंग

अक्सर महिलाएं नॉर्मल ब्रा पहनकर जॉगिंग करती हैं और स्पोर्ट्स ब्रा पहनना जरूरी नहीं समझती। मगर, दौड़ लगाते समय ब्रेस्ट पर असर पड़ता है और उसकी शेप खराब होने लगती है।

पियर्सिंग और टैटू

टैटू या पियर्सिंग से ब्रेस्ट में सूजन आ जाती और इससे लिंफ नोड पर भी असर पड़ता है। इससे ब्रेस्ट का साइज नॉर्मल से अधिक हो जाती है। साथ ही इससे दर्द, खिचांव की समस्या भी होने लगती है।

बेस्ट पिचिंग के कारण

ब्रेस्ट को बार–बार उंगली से दबाना, खींचती या खुजली करने से भी नेचुरल शेप खराब हो सकती है। इसके अलावा आनुवांशिक, पेट के बल या गलत पोजिशन में सोने से भी शेप बिगड़ सकती है।

बाल हटाने के कारण

हार्मोन्स असंतुलन, शरीर में बदलाव या जेनेटिक कारणों से ब्रेस्ट पर बाल उग जाते हैं जिन्हें महिलाएं वैक्सिंग, ट्विगर, पल्लकड़ या किसी और तरीके से हटाती हैं। मगर, इससे ब्रेस्ट शेप पर असर पड़ता है।

गलत ब्रा के कारण

छोटे या बड़े साइज की ब्रा पहनने से भी ब्रेस्ट की शेप बिगड़ सकती है। दरअसल, ज्यादा टाइट ब्रा पहनने से रक्त कोशिकाएं सिकुड़ जाती हैं और उसकी शेप खराब होने लगती है। इसके अलावा सही कपड़ें न पहनने से भी ब्रेस्ट की शेप खराब हो जाती है।

क्रीम का यूज न करना

नमी बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है कि आप इस एरिया में भी क्रीम लगाएं लेकिन ज्यादातर महिलाएं ऐसा नहीं करती। ऐसे में ब्रेस्ट शेप खराब हो जाती है।

प्लास्टिक सर्जरी के कारण

इसके अलावा ब्रेस्ट शेप सर्जरी करवाने से लैक्टेल ब्लेंड पर असर पड़ता है, जिससे साइज में बदलाव होने लगता है। इसके अलावा धूम्रपान,उम्र और गतिविधियों से भी स्तन पर प्रभाव पड़ता है।

वजन बढ़ना

वजन बढ़ने से भी ब्रेस्ट की शेप खराब हो सकती है क्योंकि मोटापे के कारण छाती के आसपास के लिगामेंट में खिंचाव पड़ता है, जिससे स्तन ढीले हो जाते है।

बेडोल ब्रेस्ट को शेप में लाने के लिए क्या करें?

1. दिन कम से कम 2 बार ग्रीन टी पीने से भी ब्रेस्ट साइज सही रहेगा।

2. ब्रेस्ट को टाइट करने के लिए पुशअप, साइकलिंग, एरोबिक्स, डांस, प्राणायाम व मंडूकासन करें।

3. इसके अलावा 1 टेबलस्पून दही, 1 ताजा अंडा और 1 टेबलस्पून विटामिन ई ऑयल मिक्स करके 25 मिनट तक लगाएं और फिर मसाज करते हुए गुनगुने पानी से धो लें। इससे रक्त प्रवाह बढ़ेगा और ब्रेस्ट टाइट होगी।

4. ब्रेस्ट मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और वो शेप में रहते हैं। इसके लिए गुनगुने जैतून तेल से हफ्ते में 2 बार मसाज करें।

5. इसके अलावा सही ब्रा का चुनाव करें और व्यायाम के दौरान स्पोर्ट्स ब्रा पहनें। ब्रेस्ट पेन, गांठ है तो नजरअंदाज ना करें

# आयुर्वेदिक हर्ब्स जो लिवर को रखेंगे एकदम दुरुस्त





शरीर के बाकी अंगों के साथ लिवर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भोजन को पचाने, ब्लड शुगर कंट्रोल करने व शरीर में मौजूद विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही बॉडी में कार्बोहाइड्रेट को स्टोर करने व प्रोटीन बनाने और जरूरी पोषक तत्वों को अवशोषित करता है। ऐसे में इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। नहीं तो फैटी लिवर, पीलिया या लिवर के सिकुड़न की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लिवर को हैल्दी बनाएं रखने के लिए आप अपनी डेली डाइट में कुछ हर्ब्स को शामिल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन आयुर्वेदिक हर्ब्स के बारे में विस्तार से...

गुणों से भरपूर आंवला

विटामिन–सी की कमी पूरी करने के लिए आंवला का खासतौर पर सेवन किया जाता है। इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल गुण इम्यूनिटी स्ट्रांग करने के साथ लिवर में फैट जमा होने से रोकते हैं। फैटी लिवर की समस्या होने पर इसका जूस पीना कारगर साबित होता है। आप इसका कच्चा, मुरब्बा, आचार या पाउडर के तौर पर सेवन कर सकते हैं।

औषधीय समान है लहसुन

लहसुन में विटामिन, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–वायरल, एंटी–बैक्टीरियल आदि गुण होते हैं। आयुर्वेद में इसे औषधीय स्वरूप कहा जाता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना 1– 2 लहसुन की कलियों का सेवन करने से लिवर से जुड़ी परेशानियों के होने का खतरा कम रहता है। यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। ऐसे में बीमारियों से बचे रहने के लिए लहसुन को अपनी डेली डाइट में जरूर शामिल करें। आप लहसुन का प्रयोग सब्जी में करने के साथ इसका अचार बना कर खा सकते हैं। इसके अलावा लहसुन की कलियों को भुन कर भी खाया जा सकता है। मगर इसे अधिक मात्रा में खाने से बचें।

त्रिफला होगा फायदेमंद

आयुर्वेद में त्रिफला को बेहद ही फायदेमंद माना जाता है। यह एक आयुर्वेदिक जड़ी–बूटी है, जो शरीर को बीमारियों की चपेट में आने से बचाती है। बात इसके नाम की करें तो त्रिफला का अर्थ है– तीन चीजों से बना हुआ। ऐसे में यह मुख्य रूप से हरीतकी, बिभीतकी व आंवला से तैयार किया जाता है। इसे खाने से लिवर सही से काम करता है। ऐसे में इससे जुड़ी परेशानियों के होने का खतरा कम रहता है। साथ ही इससे मेटाबॉजिल्म बूस्ट होने में मदद मिलती है। ऐसे में दिनभर एनर्जेटिक महसूस होता है।

# स्वाद नहीं, देखें स्वास्थ, कैंसर बनाने वाली ये 3 चीजें आज ही छोड़े



आज दुनियाभर में हर 8वें शख्स की जान कैंसर की वजह से हो रही है। कैंसर एक ऐसी जानलेवा बीमारी हैं जिसे शुरुआती चरण में कंट्रोल ना किया जाए तो इंसान को बचाना बेहद मुश्किल हो जाता है। रिसर्च के अनुसार, अमेरिका में 20: लोग मोटापे, फिजिकल एक्टिविटी ना करना, खराब न्यूट्रिशन और अल्कोहल की वजह से कैंसर का शिकार होते हैं यानी इंसान की डाइट का कैंसर से सीधा कनेक्शन है।

मोटापे की वजह से होने वाले कैंसर–

मोटापे से पीड़ित लोगों में ब्रेस्ट कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, एंडोमेटेरियल कैंसर, ब्लैडर कैंसर, किडनी कैंसर, प्रैंक्रियाज कैंसर, सेर्विक्स कैंसर और ओवेरी कैंसर की ज्यादा शिकायत देखने को मिलती हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, डाइट के जरिए कैंसर के खतरे को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। साल 2018 में करीब 10,000 लाख लोगों पर हुए एक शोध में पता लगा कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने की वजह से भी लोगों में कैंसर की बीमारी फैल रही है। 10: लोग सिर्फ प्रोसेस्ड फूड की वजह से कैंसर का शिकार हो रहे हैं। खाने की कई चीजें कैंसर का खतरा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं।

कौन–से आहार होते हैं अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड?

पैकेट में आने वाली ब्रेड, पैकेट में आने वाली मिठाइयां, नमकीन स्नैक्स, सोडा, शुगर ड्रिंक्स, बंद पैकेट में बिकने वाला प्रोसेस्ड मीट। इसके अलावा ऐसे फूड प्रोडक्ट्स जिनमें शुगर, तेल या फैट की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। वह कैंसर को बढ़ाने में सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं।

क्या है प्रोसेस्ड मीट?

प्रोसेस्ड मीट वो मांस है जिसे लंबे समय तक ताजा रखने के लिए रसायन, प्रीजरवेटिव के साथ मिलाकर रखा जाता है। सॉस, हैम, बेकन, हॉट डॉग और पैकेज्ड मीट जैसे खाद्य पदार्थ प्रोसेस्ड मीट के रूप में बाजारों में उपलब्ध हैं। शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि लगातार प्रोसेस्ड मीट खाने से ब्लैडर कैंसर होता है हालांकि नॉन–प्रोसेस्ड रेट मीट से इंसान को कैंसर का खतरा नहीं है। अमेरिकन इंस्टिट्यूट फॉर कैंसर रिसर्च के अनुसार, प्रोसेस्ड मीट के लगातार सेवन से पेट या कोलोरेक्टल कैंसर हो सकता है।

अल्कोहल से कैंसर का खतरा

शोधकर्ताओं के अनुसार, अत्यधिक शराब के सेवन से भी कैंसर का खतरा होता है। शराब के अलावा सिगरेट या तंबाकू का सेवन



भी लोगों में कैंसर का खतरा बढ़ाता है। दरअसल शराब या अन्य नशीले पदार्थों में ऐसे कैमिकल होते हैं जो इंसान के डीएनए को डैमेज कर उसकी शारीरिक क्षमता पर बुरा असर डालते हैं।

मोटापे भी कैंसर की एक वजह

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डायजेस्टिव एंड किडनी डिसीज के अनुसार, अमेरिका में दो–तिहाई लोगों में मोटापे की वजह से कैंसर का खतरा बढ़ा है. ज्यादा वजन होने की वजह से लोगों में टाइप–2 डायबिटीज, हृदय रोग और कई तरह के कैंसर फैलते हैं।

तो अब तो आप जान गए होंगे कि आपकी खराब डाइट भी आपको कैंसर की चपेट में ले सकती है, इसलिए हैल्दी खाएं स्वस्थ रहें।

# गुड़ और चना खाने के बेमिसाल फायदे, महिलाएं जरूर खाएं



गुड़ और चना पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इसके सेवन से शरीर को अंदर से मजबूती मिलने के साथ बीमारियों से बचाव रहता है। इसलिए एक्सपर्ट्स द्वारा रोजाना 1 मुट्ठी भुना चना और गुड़ खाने की सलाह दी जाती है। बात अगर महिलाओं की करें तो वे दिनभर काम में लगी रहने के कारण अपनी सेहत का अच्छे से ध्यान नहीं रख पाती है। इसके कारण कई छोटी–छोटी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। मगर ये समस्याएं कब कोई गंभीर बीमारी में बदल जाएं इसे कोई बता नहीं सकता है। ऐसे में महिलाओं को रोजाना गुड़ के साथ भुने चनों का सेवन करना चाहिए। तो चलिए जानते हैं इसके सेवन से मिलने वाले फायदों के बारे में...



दिल की बीमारियों से बचाए

रोजाना गुड़–चना खाने से दिल को मजबूती मिलती है। ऐसे में हार्ट अटैक आने व इससे जुड़ी परेशानी से बचाव रहता है।

लिवर रखे हेल्दी

लिवर के मरीजों को लगातार 15 दिनों कर 12 भुने चने के दाने खाने चाहिए। इससे जल्दी रिकवरी होने के साथ शरीर में मजबूती आती है।

खून बढ़ाए

गुड़ और चना आयरन का मुख्य स्त्रोत होते हैं। ऐसे में रोजाना मुट्ठीभर चना और थोड़ा–सा गुड़ खाने से खून की कमी दूर होती है। रातभर भिगे काले चने को सुबह खाना भी फायदेमंद होता है।

यूटीआई इंफेक्शन से दिलाए आराम

अक्सर महिलाओं को यूटीआई इंफेक्शन की शिकायत रहती है। ऐसे में गुड़ और भुने चनों का एक साथ सेवन करने से इस समस्या से राहत मिलती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, चने शरीर में संक्रमण और गंदा पानी सोकने में मदद करते हैं। ऐसे में अच्छी सेहत के लिए महिलाओं को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

वजन करे कंट्रोल

इनमें आयरन, फाइबर, विटामिन होने से वजन कंट्रोल रहने में मदद मिलती है। बात अगर चने की करें तो इसमें फैट कम करने वाले मॉलिक्यूल्स होने से मोटापे को रोकने के लिए इसका सेवन करना बेस्ट है। साथ ही चीनी की जगह गुड़ यूज करना फायदेमंद रहता है।

पाचन शक्ति बढ़ाए

आजकल बहुत सी महिलाओं को पाचन से जुड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में भुने चने में प्याज, लहसुन व स्वाद अनुसार नमक डालकर तैयार चाट को खाएं। बाद में गुड़ का सेवन किया जा सकता है। इससे पाचन तंत्र मजबूत होकर पेट से जुड़ी अन्य परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

मासिक धर्म में फायदेमंद

अनियमित पीरियड की समस्या से परेशान महिलाओं को गुड़ व चना जरूर खाना चाहिए। इससे माहवारी का साईकिल ठीक होने के साथ इस दौरान पेट दर्द की समस्या से भी आराम रहता है। साथ ही पीरियड्स के समय शरीर में से बहुत से हार्मोन्स खून के साथ जाते हैं। ऐसे में गुड़–चना का सेवन करने से इस समस्या से भी राहत मिलती है।

मजबूत मांसपेशियां व हड्डियां

इसमें कैल्शियम, आयरन, फाइबर आदि गुण होते हैं। ऐसे में नियमित रुप से इसका सेवन करने से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है। खासतौर पर वर्कआउट कर रहे लोगों को इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

बच्चों के बेहतर विकास में फायदेमंद

बच्चों की अच्छी ग्रोथ के लिए उनकी डाइट चने और गुड़ शामिल करना बेस्ट ऑप्शन है। इसके सेवन से बच्चे का बेहतर विकास होने के साथ लंबाई बढ़ने में मदद मिलती है। साथ ही पेट में मौजूद कीड़े दूर होकर खाना ठीक से पचाने में मदद मिलती है।

छिलके वाला खाएं चना

अक्सर लोग चने खाने से पहले इसके छिलके उतार देते हैं। मगर ऐसा करने से इसके पोषक तत्व कम हो जाते हैं। ऐसे में इसका भरपूर फायदा लेने के लिए चनों को छिलके के साथ ही खाएं।

नोट– अधिक मात्रा में चने और गुड़ का सेवन करने से भूख ना लगने की परेशानी हो सकती है। ऐसे में इसका बात ध्यान रखें कि रोजाना 1 मुट्ठी ही चनों का सेवन करें।

# विरान दिख रहे हैं रेलवे स्टेशन, बन्द हो गया व्यवसाय सवारी गाडी न चलने से यात्री परेशान

### रेल संचलन न होने से मुसीबत मे लोग रू– पूर्व विधायक एव सपा नेता कासिम अली

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह



कुशीनगर। कोरोना संक्रामक काल मे बन्द ट्रेनों का संचलन अब तक शुरू न होने से ब्यापारी व छात्र समेत सभी वर्ग के लोग परेशान है।बताते चलें कि कोराना काल मे लाकडाउन के बाद सरकार ने ट्रेनो का संचलन पूरी तरह बन्द कर दिया इससे लोगो को आवागमन मे परेशानी हो रही है । ट्रेन न चलाए जाने से रेलवे स्टेशन वीरान हो गये हैं । वहीं ठेला खोमचा वालो के सामने रोजगार का संकट खडा हो गया है । सबसे अधिक व्यवसायी व छात्र परेशान है।ट्रेन का किराया कम होने से माल मंगाने मे आसानी रहती थीऔर दूसरे शहरो पढने वाले छात्र भी आसानी से जाते आते थे। पैसेंजरो ट्रेनो के न चलने से दिक्कत खडी हुई है । ट्रेन चलती है तो सभी रेलवे स्टेशनों से सैकडों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है इससे रेलवे स्टेशन के बाहर दुकाने भी चलती है ।क्षेत्र के अधिकांश ब्यवसायी गोरखपुर, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ जाकर सामान लाते थे।प्राइबेट बसों का किराया काफी है इस वजह से बारह से लाए जाने वाले सामान की कीमत बढानी पड रही है । लोगों को यह समझ मे नही आ रहा है कि कैसे यात्रा करे । प्रतिदिन थावे,सासामुसा,तरयासुजान, सेवरही, दुदही, पडरौना, रामकोला, कप्तानगंज, और गोरखपुर से आने जाने वालो की लोगों की संख्या हजारों में है। जो अभी प्राइबेट सवारी वाहनों से यात्रा कर रहे हैं । तमकुहीराज विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एव सपा नेता कासिम अली ने की मांग है कि रेल प्रशासन लोकल ट्रेनो का संचालन शुरू करें । श्री अली का कहना है कि ट्रेनो का संचलन 22 मार्च से बन्द होने से इस मार्ग पर यात्रा करने वालो को काफी दिक्कत उठानी पड रही है ।समय से कोई साधन नहीं मिल रहा है ।प्राइबेट वाहन से,यात्रा करना महंगा पड रहा है ।आमजनों को ट्रेनो का संचलन शुरू होने का इन्तजार करते हुए नौ माह बीत गये लेकिन अभी तक शुरू नहीं पाया । कभी इस रूट पर पांच ट्रेनो का संचालन होता था।इन ट्रेनो के जरिए प्रतिदिन यात्रियों का आवागमन होता था। इससे लोगों को यही से थावे अथवा गोरखपुर जाने का सीधे संसाधन उपलब्ध रहता था लेकिन ट्रेनो का संचलन बन्द होने से सभी रेलवे स्टेशन वीरान हो गये हैं ।पूर्व विधायक एव सपा नेता कासिम अली कहते है कि जब से ट्रेनो का संचलन बन्द हुआ है तबसे कही आने जाने के लिए लोगों को सोचना पड रहा है।

# पुलिस चौकी से 50 कदम दूर गैस कटर से एटीएम काटकर लाखों रुपये ले उड़े शातिर

लखनऊ, (यूएनएस)। राजधानी में शातिर एटीएम कटर गिरोह के हौसले बुलंद हैं। चार दिन के अंदर शातिर चोरों ने दूसरी घटना को अंजाम दिया। इस बार चिनहट क्षेत्र में मटियारी पुलिस चौकी से 50 कदम दूरी देवां रोड पर स्थित केनरा बैंक के बूथ में शनिवार रात घूसे चोरों ने गैस कटर से एटीएम काटकर लाखों रुपये ले उड़े। रविवार को पुलिस और बैंक की टेक्निकल टीम पहुंची और पड़ताल में जुट गई। इसके चार दिन पहले विभूतिखंड स्थित एक एटीएम को काटकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। जानकारी के मुताबिक मटियारी पुलिस चौकी से 50 कदम दूर देवां रोड पर केनरा बैंक का एटीएम है। शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे नकाबपोश तीन शातिर चोर एटीएम बूथ में घुसे। उन्होंने गैस कटर से एटीएम काटा और उसके बाद कैश ट्रे से लाखों रुपये निकालकर भाग निकले। सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर बैंक मैनेजर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर चिनहट और बैंक की टेक्निकल टीम ने पड़ताल शुरू की। इसके बाद एडीसीपी कासिब आब्दी पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल के आस पास लगे सीसी कैमरों की पड़ताल पुलिस टीम से शुरू कराई। एडीसीपी ने बताया कि चोरों की फुटेज मिल गई है। सभी नकाबपोश हैं। उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। बैंक मैनेजर और उनकी टेक्निकल टीम पड़ताल कर रही है कि घटना के समय कितने रुपये एटीम में थे और कितने चोरी हुए हैं। वह जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर स्थित एटीएम में शातिर चोर करीब एक घंटे रहे। वह डेढ़ बजे घुसे थे और ढ़ाई बजे करीब वारदात को अंजाम देकर निकलें। इस बीच एटीएम में गार्ड तो कोई था नहीं पर पुलिस भी गश्त करने नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस गश्त करती तो संभवतः चोर पकड़े जा सकते थें। घटना से पुलिस की लापरवाही भी सामने आयी।

# पीएम मोदी वसंत पंचमी को बहराइच में करेंगे महाराज सुहेलदेव स्मारक का वर्चुअल शिलान्यास

लखनऊ। आगामी 16 फरवरी को वसंत पंचमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार महाराजा सुहेलदेव की जयंती को धूमधाम से मनाएगी। इस अवसर पर बहराइच के चित्तौरा विकास खण्ड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में महाराजा सुहेलदेव स्मारक का शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन कल्याण मंत्री अनिल राजभर सहित प्रदेश सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सम्बोधित भी करेंगे। शहिन्दुस्तानश से बातचीत में अनिल राजभर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल माध्यम से महाराजा सुहेलदेव स्मारक का शिलान्यास करेंगे।



इस स्मारक में संग्रहालय, एक बड़ी धर्मशाला, एक वीवीआईपी गेस्ट हाउस और महाराजा सुहेलदेव की एक विशाल प्रतिमा का निर्माण करवाया जाएगा। इस स्मारक के करीब स्थित चित्तौरा झील का भी सुन्दरीकरण होगा, झील के किनारे घाट बनाए जाएंगे। साथ ही इस स्थल पर तक पहुंच मार्ग और रेलवे ट्रैक पर रेलवे ओवर ब्रिज आदि का भी निर्माण प्रस्तावित है। बहराइच जिले की चारों दिशाओं में महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्वागत द्वार भी बनाए जाएंगे। फिलहाल जो शुरूआती कार्य योजना बनायी गयी है वह करीब 60 करोड़ रूपये की लागत की बनायी गयी है और कार्यदायी संस्था उ.प्र.राजकीय निर्माण निगम होगी। इस आयोजन की तैयारियों के लिए पिछले दिनों अनिल राजभर दो दिनों के बहराइच प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यदायी संस्था निर्माण निगम, बहराइच के पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गयी है।

# भव्य श्री राम मंदिर निर्माण करेंगे – सर्वेश द्विवेदी

### मधवापुर में महाधन संग्रह अभियान चलाया जाएगा

अमित रेखा –इमरान अंसारी

मेहरौना लार– देवरिया। हिन्दू धर्म की आस्था के भव्य मंदिर निर्माण हेतु अपनी यथाशक्ति निधि समर्पित करते हुए भाजपा के वरिष्ट नेता अशोक



पांडेय ने अभियान प्रमुख सर्वेश द्विवेदी एवं उनके न्याय पंचायत स्तर टीम लक्ष्मीकांत द्विवेदी, अभिषेक गुप्ता,मनीष गुप्ता के साथ बैठक कर वो अपने ग्राम मधवापुर में धन संग्रह करने के लिए ग्राम स्तर टीम बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाया ।भाजपा के वरिष्ट नेता अशोक पांडेय के निर्देश पे एवं अभिया प्रमुख सर्वेश द्विवेदी के नेतृत्व में तथा ग्राम एवं न्याय पंचायत स्तर सभी के सहमति से ग्राम मधवापुर की टीम श्री रामजन्म भूमि मंदिर निर्माण धन संग्रह महाअभियान हेतु गाँव मे विभिन्न पदों की घोषणा की गई जिसमें गाँव के संरक्षण का कार्य प्रकाश पाण्डेय को ,गाँव के संगठन को मजबूत रखने के लिए विराट आशु को,पूरे ग्राम में कोई इसअभियान से वंचित न रहे इसके लिये मनीष पाण्डेय को जिम्मेदारी दी गई,अभियान को सफल बनाने हेतु पट्टू पांडेय (नीतेश)को,ग्राम सभा के सभी लोगो से अवगत कराने हेतु नन्हे तिवारी एवं कृपा शंकर पाण्डेय ( मंटू ) को,ग्राम सभा मे लेखन का कार्य करने हेतु दुर्गेश यादव को ,ग्राम सभा मे इच्छुक लोगों का फोटो खिंचने हेतु राजेश पांडेय ,एवं मंजीत ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई ।तथा अंकित पांडेय,नितेश पांडेय,राजेश पांडेय,राजेश यादव,राहुल पांडेय,अनूप कुमार आदि को अभियान सदस्य बनाया गया और उसके बाद पूरे गांव में जय श्री राम के नारे के साथ लोगो को को यथा संभव श्री राम मंदिर निर्माण में सहयोग करने के लिए कहा गया।अभियान प्रमुख सर्वेश द्विवेदी ने ष्पुरुखों का स्वप्न साकार करेंगे,भव्य मंदिर निर्माण करेंगेष्कहते हुवे लोगो को बताया की सभी वर्ग के लोग अपने सक्ति अनुसार 10,100, 1000 रुपया के कूपन के मदत से तथा रसीदों के मदत से यथा संभव दान कर सकते हैं।अशोक पांडेय ने बताया कि 10 रुपया से लेकर 10 लाख रुपया तक दान तीनो प्रकार के कूपन एवं रसीदों के माध्यम से किया जा सकता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंच गए हैं। सीएम योगी ने राम मंदिर की नींव खुदाई का निरीक्षण किया। वे हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन कर रामकथा संग्रहालय में मीटिंग के लिए पहुंच गए हैं।

# धोखाधड़ी करके भोली भाली जनता से लाखो रुपये का फ्राड करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

अजय कुमार सिंह

अमित रेखा अयोध्या। दीपक कुमार पुलिस उपमहानिरीक्षकध् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद–अयोध्या महोदय द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं पुलिस अधीक्षक नगर




विजयपाल सिंह के निर्देशन तथा सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर श्री पलाश बंसल के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री नितीश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम दिनांक 07.02.2021 को उ0नि0 श्री रामप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी नवीनमण्डी, थाना कोतवाली नगर, जनपद अयोध्या मय पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 87ध्2021 धारा 419ध्420ध्406 भादवि0 थाना को0नगर जनपद अयोध्या से सम्बन्धित अभियुक्त को दिनांक 07.02.2021 को मुखबिर की सूचना के आधार रायबरेली रोड सीमेन्ट गोदाम के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.02.2021 को वादी श्री केश कुमार पुत्र आशाराम निवासी ग्राम गौरा ब्रम्बनान, थाना रौनाही जनपद अयोध्या ने तहरीरी सूचना किया कि विपक्षी फुलचन्द्र पुत्र श्री मेहीलाल निवासी ग्राम बबुरहिया(कौंधा) थाना बीकापुर जनपद अयोध्या द्वारा फ्राड करके अधिक मुनाफा दिलाने के नाम पर अलग अलग लोगों से लाखो रुपया लेकर हड़प लिया है, जिसके सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत होकर विवेचना प्रारम्भ की गयी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है।

'गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता–'

फुलचन्द्र पुत्र मेहीलाल निवासी ग्राम बबुरहिया(कौंधा) थाना बीकापुर जनपद अयोध्या

'गिरफ्तार करने वाले पुलिसकर्मी का नाम–'

1. उ0नि0 श्री रामप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी नवीनमण्डी, थाना कोतवाली नगर, जनपद अयोध्या

2.का0 विकास यादव थाना कोतवाली नगर, जनपद अयोध्या

# लखनऊ समेत यूपी के कई बड़े शहरों का बदलेगा मास्टर प्लान, कई विशेषज्ञों की टीम कर रही काम

लखनऊ। लखनऊ सहित प्रदेश के कई बड़े शहरों का मास्टर प्लान बदलेगा। कुछ शहरों के लिए नया मास्टर प्लान बनाया जाएगा तो कुछ शहरों का संशोधित होगा। इसमें नए सिरे से शहरों के तमाम क्षेत्रों का भू उपयोग निर्धारित होगा। प्रमुख सचिव आवास ने इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। इसमें कई विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है। कमेटी तीन माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसी के बाद लखनऊ के 2031 तक के मास्टर प्लान में परिवर्तन होगा। रिपोर्ट के हिसाब से ही गाजियाबाद, कानपुर, प्रयागराज समेत अन्य बड़े शहर के मास्टर प्लान में भी बदलाव होंगे। प्लान जीआईएस आधारित बनेगा लखनऊ सहित प्रदेश के कई बड़े शहरों के मास्टर प्लान में बदलाव होने जा रहा है। तीन फरवरी को इसके लिए प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार ने आदेश जारी किया है। शहरों में मौजूदा जरूरतों के हिसाब से भू उपयोग निर्धारित किया जाएगा। नदियों, हवाई अड्डा, बस स्टैंड, सैन्य क्षेत्रों सहित तमाम चीजों को मास्टर प्लान में प्रदर्शित किया जाएगा। प्लान जीआईएस बेस्ड भी होगा। सचिव आवास की अध्यक्षता में बनी कमेटी मास्टर प्लान में जरूरत के हिसाब से नई चीजें को जोड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार करेगी। शासन ने नए प्रस्तावित महा योजनाओं में



क्षेत्रीय विकास की योजनाओं को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। ताकि संबंधित शहरों के लिए आने वाले दिनों में किसी तरह की दिक्कत है न हों। शहरों में सेना की फायरिंग रेंज को डेंजर जोन के रूप में घोषित किया जाएगा। वर्तमान जरूरतों के हिसाब से नए औद्योगिक क्षेत्र, बस अड्डे, मास्टर प्लान रोड तथा वाटर वर्क्स व एसटीपी, कूड़ा निस्तारण केंद्र सहित अन्य तमाम चीजें भी चिन्हित होंगी। मास्टर प्लान में पुरातत्व विभाग की ओर से संरक्षित की गई इमारतों, इसके निर्धारित 200 मीटर के दायरे में निर्माण पर रोक जैसी चीजें भी शामिल की जाएंगी। जिन लोगों ने लैंड यूज के विरुद्ध निर्माण कराएं हैं उनका समायोजन मास्टर प्लान में शासनादेश के अनुसार ही हो पाएगा। संबंधित प्राधिकरण की बोर्ड से प्रस्ताव पास होने पर ही इसमें संशोधन होगा। नदियों के इकोसिस्टम के संरक्षण व विकास योजना का प्रस्ताव शामिल किया जाएगा। महायोजना में नदी तटबंध के निर्माण की दशा में नदी किनारे को तटबंध के रूप में ही प्रस्तावित किया जाएगा। सचिव आवास की अध्यक्षता में बनाई गई समिति सचिव आवास की अध्यक्षता में बनी इस समिति में प्रदेश के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को सदस्य संयोजक बनाया गया है। आवास बंधु के निदेशक सदस्य व सह संयोजक होंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता इन्दू शेखर सिंह, राजकीय आर्किटेक्चर कॉलेज के प्रधानाचार्य इसके सदस्य होंगे। जबकि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय के पूर्व डीन आर्किटेक्चर संकाय प्रोफेसर जगबीर सिंह तथा आवास एवं विकास परिषद के पूर्व मुख्य वास्तुविद सुबोध शंकर को विशेषज्ञ सदस्य बनाया गया है। यह अधिकारी व विशेषज्ञ मास्टर प्लान को तैयार करने में मदद करेंगे। वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, रिजर्व फॉरेस्ट, पर्यावरण एवं वन पर विशेष फोकस मास्टर प्लान में वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, रिजर्व फॉरेस्ट,पर्यावरण एवं वन व अन्य संरक्षित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। इन क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए मास्टर प्लान में इनका अलग से चिन्हांकन होगा। वन विभाग से इनका नोटिफिकेशन सुसंगत गजट भी कराया जाएगा। जलाशयों, तालाबों व झीलों को भी चिन्हित किया जाएगा मास्टर प्लान में अब प्राकृतिक जलाशयों, तालाबों, झीलों को भी चिन्हित किया जाएगा। ताकि भविष्य में तैयार होने वाली क्षेत्रीय विकास योजनाओं में इनके संरक्षण पर ध्यान दिया जा सके। अभी मास्टर प्लान में इनका प्रदर्शन न होने से योजनाएं बनाते समय उसमें झील तालाब भी समाहित हो जाते थे।। अनियोजित विकास व निर्माण पर अंकुश लगाने, ग्रीन वेल्ट का मूल स्वरूप बनाए रखने तथा हेरीटेज क्षेत्रों को संरक्षित करने के लिए भी मास्टर प्लान में प्रावधान किया जाएगा। इन पर भी नए सिरे से होगा बदलाव अवस्थपाना सुविधाओं के लिए नए सिरे से लैंड यूज निर्धारित किया जाएगा। परिवहन प्रणाली, जलापूर्ति, ड्रेनेज, सीवरेज सीवेज, ट्रीटमेंट प्लांट, विद्युत आपूर्ति सॉलिघ्ड वेस्ट मैनेजमेंट का भी परीक्षण होगा। क्षेत्रीय विकास की संरचना में हाईटेक टाउनशिप नीति, इंटीग्रेटेड टाउनशिप, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नई पर्यटन नीति, फिल्म नीत, औद्योगिक विकास एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति, सूचना प्रौद्योगिकी नीति तथा आपदा प्रबंधन नीति आदि को भी परीक्षण कर शामिल किया जाएगा।

## यूपी के इन शहरों में घर बैठे लगवाएं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, देना होगा अतिरिक्त चार्ज

लखनऊ। लखनऊ समेत चार शहरों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट घर बैठे लगवाने की सुविधा शुरू की गई है। इनमें लखनऊ, कानपुर, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद को अभी शामिल किया गया है। जहां गाड़ी मालिक ऑनलाइन `पंउ.बवउ पर



आवेदन के दौरान इस सुविधा का लाभ उठा सकते है। बशर्ते इसके लिए दो पहिया के लिए 125 व चार पहिया के लिए 250 रुपए अतिरिक्त चार्ज देना होगा। आरटीओ (प्रशासन) रामफेर द्विवेदी ने बताया कि अभी प्रयोग के तौर पर चार शहरों में एचएसआरपी की होम डिलेवरी की सुविधा शुरू की गई है। ऑनलाइन आवेदन के दौरान होम डिलेवरी का अप्शन चार शहरों में शुरू हो गया है। इस सुविधा लाभ गाड़ी मालिक उठाकर घर बैठे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा सकते है। बता दें कि एक अप्रैल 2019 के पहले खरीदे गए वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाना जरूरी होगा। ऐसे में परिवहन विभाग ने गाड़ी के नंबरों के आधार पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की तारीख तय कर दी है।

## नौसागर में के.पी.एल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमिट रेखा – दुर्गेश कुमार यादव

धानी – महराजगंज। धानी क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौसागर में चल रहे के०पी०एल क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी धानी अखिलेंद्र यादव ने फीता काट कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया उद्घाटन।इस दौरान आयोजक शमशाद अहमद,पवन मद्धेशिया, आशीष,गुरफान, नियाज अहमद,आमिर,शाहिद इत्यादि ने फूल माला पहना कर गर्मजोशी से स्वागत किया। अखिलेंद्र यादव ने बताया कि मैं खुद एक स्पोर्टपरसन रहा हूँ खेल के द्वारा ही स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क का विकास होता है।मानसिक तनाव को दूर करना और समाज मे एक पहचान बनाना खेल के द्वारा आसान हो जाता है।जब भी इस तरह का आयोजन होगा में हर संभव मदद को सदैव तैयार रहूंगा। इस दौरान आयोजक शमशाद के साथ–साथ कमेटी सदस्य अहमद,पवन मद्धेशिया, आशीष, गुरफान, नियाज अहमद,आमिर,शाहिद इत्यादि उपस्थित रहे।



## महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कत्तई बर्दाश्त नहीं करुंगा- पूर्व विधायक विनोद मणि

अमिट रेखा– सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। फरेंदा महराजगंज सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक विनोद मणि त्रिपाठी ने सीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी द्वारा महिलाओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को बताया अशोभनीय, और लगभग बिस वर्षो से तैनात रामसरन गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पर तैनात हैं उन्होंने कहा कि अगर इस मामले विभागीय कार्यवाही नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी करेगी धरना प्रदर्शन व जेल भरो आंदोलन।



## पदाधिकारी से मिले बजरंग दास महाराज

अमिट रेखा अजय कुमार

अयोध्या। अयोध्या हनुमानगढ़ी महंत बजरंग दास महाराज राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के संयोजक श्रीबजरंग दास महाराज पहुंचे कानपुर देहात और राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के पदाधिकारियों के साथ गौ रक्षा के लिए महंत बजरंग दास महाराज कर रहे हैं लोगों को जागरूक के गौ हत्या पर रोक लगनी चाहिए और गौ माता की सेवा होनी चाहिए हनुमानगढ़ी महंत लोगों को यह जानकारी दी कि गौ माता का सेवा करना यह हमारे सबके लिए दायित्व है और जिसके यहां गौ माता रहती हैं उस व्यक्ति के यहां कभी भी किसी प्रकार का संकट नहीं आता इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष परवेश पांडे प्रांतीय सचिव विवेक सिंह जिला अध्यक्ष और काफी सदस्य मौजूद रहे।



## 'राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के पदाधिकारियों व संत समाज में काफी आक्रोश

अमिट रेखा अजय कुमार सिंह

अयोध्या। आज दिनांक 6–2– 2021 को ग्राम पुरे काली गुसाईं मजरे सैदपुर में गोवंश को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बल्लम मारे जाने पर गोवंश की मृत्यु हो गई थी जिस पर राष्ट्रीय गौ रक्षक दल तहसील रुदौली के पदाधिकारी गण राकेश तिवारी रामधनी पाल राघवेंद्र सिंह उर्फ अन्नू प्रेम चंद्र गोस्वामी साथ में सैदपुर चौकी के समस्त स्टाफ गण मौके पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से गोवंश का अंतिम संस्कार करवाया गया। ऐसे कृत करने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा उन पर भोले की कृपा से उनका सर्वनाश होना तय है जिसने यह कृत्य किया है गोवंश के साथ अवध प्रांत महासचिव विवेक सिंह उत्तर प्रदेश सी ओ डॉ धर्मेंद्र यादव ने कहा मुकदमा दर्ज कर की जाएगी करवाई।



## संघ परिचय वर्ग का हुआ उद्धघाटन

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

बढ़पुरवा, खजनी। ग्राम भाटपार कौसिल्या देवी इन्टर कॉलेज पर एक दिवशीय संघ परिचय वर्ग का उद्धघाटन हुआ जिसमें भारत माता के चित्रपर दिप जलाकर जिला प्रचारक संतोष ने उद्धघाटन किया। वर्ग में 17 गॉवो के 50 युवा इस वर्ग पर उपस्थित रहे ! वर्ग में सुबह 4 बजे जागरण से रात्री 10 बजे तक के दिनचर्या से वर्ग चला ,जिसमे युवाओ का शारिरिक ,बौद्धिक ,मानसिक विकाश हो इसके लिए सुबह योग प्राणायाम ,ध्याम,सूर्यनमस्कार ,भारतीय खेल,देश भक्ति गीत,भजन संध्या के माध्यम से युवाओं का विकास हो साथ ही साथ देश भक्ति का भावना जागृत हो ! वर्ग में वर्ग प्रमुख संतोष जिला प्रचारक सूर्या फाउंडेशन से देव नारायण कार्यक्रम प्रमुख अजय सुर्यवंशी ब्यवस्थापक सहयोगी कर्ता रामकोमल ,रामशबद ,नंदलाल ,पंकज निषाद दीपक ,लाल जी दान बहादुर, सूरज, आनंद, बिकाश सुजीत विश्णु कांत सुक्ला ,राहुल,गुप्ता, बृजभूषण,श्री राम ,रंजीत ,अर्पित सिंह खण्ड कार्यवाह रंजीत श्रीवास्तव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



## कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन पंकज चौधरी व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने किया

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। कौशल विकास योजना से प्रशिक्षित युवाओं को अब प्रशिक्षण प्राप्त करने पर भारत सरकार की जिम्मेदारी हो जायेगी ।यह नाबार्ड के द्वारा प्रायोजित प्रवासी कामगारों के लिए पीपल ट्री वेचर्स प्रा0 लि0द्बारा आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन महराजगंज सँसदीय क्षेत्र के सांसद पंकज चौधरी व विधायक फरेन्दा बजरंग बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर करने के पश्चात कहीं।उन्होंने कहा कि भाषण देने से रोजगार नहीं मिलता है।इसी क्रम में परसिया बुजुर्ग स्थित एच.एम. पब्लिक स्कूल प्रांगण में पीपल ट्री वेंचर्स प्रा० लि० के कौशल केन्द्र के उद्घाटन के अवसर बतौर विशिष्ट अतिथि फरेन्दा विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा की नाबार्ड द्वारा प्रायोजित प्रवासी श्रमिको को प्रशिक्षण देकर उनको रोजगार उपलब्ध करायेगाद्यजिससे क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगाद्य यह योजना प्रवासी मजदूरों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और उनके जीवन मे खुशियां भी लायेगा। पीपल ट्री परिवार की सराहना करते हुए कहा की यह संस्थान लॉकडाउन के समय रोजगार छोड़कर वापस आये प्रवासी श्रमिको को प्रशिक्षण देकर पुनः रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे द्य नाबार्ड द्वारा प्रायोजित रोजगारपरक प्रशिक्षण लोगो के आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत स्तम्भ साबित होगाद्य यह भी उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त करे जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थित के साथ – साथ इनके रहन सहन में भी बदलाव आये।कार्यक्रम मे आये जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड रविशंकर ने कहा की लॉकडाउन के समय जो श्रमिक अपने घर वापस आ गए है वह प्रशिक्षण केन्द्र पर निरूशुल्क प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। एस.के.श्रीवास्तव एल.डी.एम.ने भी बैंक से सम्बंधित जानकारी लोगो से साझा कियाद्य आयोजित कार्यक्रम मे बलराम मिश्र ओमप्रकाश चौबे साधु चौबे रविन्द्र सिंह डा0–वेदनाथ मिश्र दिनेश सिंह लल्लू सिंह घनश्याम रेवती रमण,कौशल ओकार पाठक नन्दलाल यादव, सुरेमन,सतीश, सुरेंद्र शर्मा गणेश निषाद व सत्येन्द्र चौधरी मनोज रँजन,शिवकुमार,त्रिपुरारी मिश्र मनोज गौड परमानंद शुक्ल व सुखसागर सहित क्षेत्र के हजारों नवयुवक ,प्रवासी मजदूर मौजूद रहे।वहीं पीपल ट्री वेचर्स प्रा0लि0 के संयोजक व प्रबंधक राजेश मिश्रा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृतचिन्ह देकर स्वागत व अभिनन्दन कियाद्यकार्यक्रम का सफल संचालन शिव स्वरूप के द्वारा किया गया ।



योजना आपको राजगीर व विजली का प्रशिक्षण देगा।जो प्रवासी मजदूर अनेकानेक शहरों से वापस आये हैं उनके लिए यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है।इससें प्रशिक्षित होने पर जब वे विदेश जायेंगे तो उन्हें अच्छा खाशा रोजगार मिलेगा।उक्त बातें–एच एम पब्लिक स्कूल परसिया बुजुर्ग मे आयोजित

## बच्चो का सर्वांगीण विकास के लिए लिया गया गोद

अमिट रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

गोडरीय – कुशीनगर। कल रविवार को रास्ट्रीय युवा शक्ति संघ के संरक्षक डॉ के के गुप्ता ने अपने ग्राम सभा स्थित अम्बेडकर नगर अहिरौली तलवन्त शाही हरिजनबस्ती के 200 बच्चों को गोद लेकर पुनः चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिन पहले मुसहर बस्ती के 250 बच्चों को गोद लिया था और लगातार उनकी सेवा दे रहे हैं। इस तरह से दो गांव गोद लेकर समाज मे एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।पूरे देश मे डॉ के के गुप्ता इस नेक कार्य के लिए चर्चा का विषय बने हुए है ये कहावत इनपर सटीक बैठ रहा है। कौन कहता है आंसमा में सुराख नहीं हो सकता एक पथर तो तबियत से उछालो यारो। आप ठान ले तो कोई काम मुश्किल नहीं होता। समाज के हर वर्ग के लिए अपना समय निकालकर सेवा देने का जज्बा युवाओं को डॉ गुप्ता से सीखना चाहिए। इनकी टीम निःस्वार्थ भाव से हर तबके के लोंगो के सेवा के लिए प्रयासरत रहती है। पूरे कार्यक्रम में समस्त बच्चे व ग्रामवासी एवम पदाधिकारी रास्ट्रीय अध्यक्ष धुरेन्दर , अजय, सामन्त, विनोद , कृष्णा, विराट ,राकेश मुकेश दुर्गेश आनंद दीपक उपस्थित रहे।









## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का प्रांतीय सम्मेलन आज रविवार को प्रयागराज में

### अयोध्या जिलाध्यक्ष समेत कई पत्रकार होंगे सम्मानित

'अमिट रेखा ब्यूरो मोहम्मद हसन

अयोध्या'। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का प्रांतीय पत्रकार महा सम्मेलन आज रविवार को पवन पावनी धर्म भूमि प्रयागराज में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, दिल्ली, छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों के के प्रतिनिधि होंगे शामिल। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के पदाधिकारियों का होगा जमावड़ा। प्रांतीय सम्मेलन में संवाददाता डायरी परिचायिका का होगा लोकार्पण। सम्मेलन में साहित्यांजलि प्रभा पत्रिका का होगा विमोचन। अयोध्या जनपद से 21 पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए हुआ रवाना। सम्मेलन में अयोध्या जिला अध्यक्ष सहित जिले के आधा दर्जन पदाधिकारियों को किया जाएगा सम्मानित। महासंघ के प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए अयोध्या जनपद से प्रदेश उपाध्यक्ष अनंतराम पांडेय, जिला अध्यक्ष बलराम तिवारी, मण्डल पदाधिकारी सुधाकर श्रीवास्तव, जिला संयोजक अरुण पांडे, जिला उपाध्यक्ष आरडी तिवारी, रामकल्प पांडे, जिला सचिव राजेंद्र पाठक के साथ जिला संयुक्त सचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, अजय तिवारी, बीकापुर तहसील अध्यक्ष के के शुक्ला, सोहावल तहसील अध्यक्ष राम सुरेश सिंह बाबा, मिल्कीपुर तहसील अध्यक्ष वेदप्रकाश तिवारी, कासिम अली, राजनाथ पांडेय, अजय सिंह, राकेश यादव सहित 21 पदाधिकारियों का दल महासंघ के प्रांतीय सम्मेलन में पहुंच रहे हैं।

## न्यायालय के स्थगनादेश का अनुपालन कराने हेतु अफसरों की चौखट पर एड़ियां रगड़ रहा पीड़ित

### न्यायालय के स्थगनादेश का अनुपालन नहीं करा पा रही बीकापुर पुलिस

अमिट रेखा ब्यूरो मोहम्मद हसन

अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करनपुर परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर निवासी विवेक कुमार पांडेय दीवानी न्यायालय द्वारा 2 वर्ष पूर्व पारित स्थगन आदेश का अनुपालन कराने हेतु तहसील से लेकर जिले के अधिकारियों की चौखट पर एड़ियां रगड़ रहा है किंतु ना तो तहसील के प्रशासनिक अधिकारी ही न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराना मुनासिब समझ रहे हैं और न ही बीकापुर कोतवाली पुलिस।

पीड़ित वादी मुकदमा ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए दबंगों द्वारा दीवानी न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर किए जा रहे अवैध खड़न्जे को रुकवाए जाने हेतु एसडीएम बीकापुर की शरण ली है। बताते चलें कि दीवानी न्यायालय में रघुनाथ बनाम रामकिशोर आदि वाद संख्या 529 बटे 2014 न्यायालय सिविल जज जू० डि० प्रथम महोदय फैजाबाद में विचाराधीन है। जिसमें न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किया जा चुका है। परंतु विवादित भूमि दौरान मुकदमा गाटा संख्या 377ध्1. 530 हे० पर विपक्षी बृजेश चंद्र पांडे पुत्र रामकिशोर पांडे निवासी ग्राम करनपुर थाना कोतवाली बीकापुर, द्वारा शक्ति एवं दबंगई के बल पर कब्जा करने व सड़क बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

पीड़ित वादी मुकदमा के मना करने पर विपक्षी गाली गुप्ता देते हुए जमकर अभद्रता करते हैं और आमादा फौजदारी पर उतारू हैं।

पीड़ित की शिकायत के बाद बीकापुर कोतवाली पुलिस मौके पर गई थी और पुलिस द्वारा निर्माण कार्य बंद भी करवा दिया गया था। किंतु स्थगन आदेश के बावजूद विपक्षी अपना विवादित भूमि पर कब्जा करने व सड़क बनाने का प्रयास कर रहा है। दबंगों के करतूतों से तंग आकर पीड़ित वादी मुकदमा ने एसडीएम बीकापुर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार की है।




## बालू लदी अनियंत्रित ट्रक पलटी, तीन भैंस की हुई मौत



अमिट रेखा अमित कुमार

बीकापुर अयोध्या। बालू लदी तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट जाने के चलते चपेट में आने से सड़क के किनारे बांधी गई तीन कीमती भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। तथा उधर से गुजर रही एक महिला घायल हो गई। हादसा शुक्रवार दोपहर चौरे बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के चौरे बाजार कनावां मार्ग पर रेल फाटक के समीप हुआ। मिली जानकारी के अनुसार कनावा की तरफ से चौरे बाजार की तरफ बालू लदी ट्रक रेलवे क्रासिंग पार करने के बाद मार्ग पर अचानक पलट गई। सड़क के किनारे बंधी गांव के निवासी देवराज यादव की तीन भैंसें ट्रक के नीचे दब कर मर गयीं। इसी गांव की निवासी करीब 50 वर्षीय महिला रामावती बालू के नीचे दब गयीं। जिन्हें तत्काल ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाल लिया गया। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। लेकिन उनकी हालत खघ्तरे से बाहर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक एसके मौर्या ने घर भेज दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। काफी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे चौरे बाजार पुलिस चौकी प्रभारी अभिनंदन पांडेय द्वारा दो जेसीबी मशीनों से बालू हटाया गया। बताया गया कि घटना के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। चौकी प्रभारी अभिनंदन पाण्डेय ने बताया कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे अयोध्या

अमिट रेखा अजय कुमार सिंह–

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुचकर महाप्रभु राम लाला का दर्शन किया और आरती पूजन किया उसके बाद हनुमानगढ़ी महंत राजू दास महाराज के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाबली का दर्शन पूजन किया। मणिराम दास छावनी राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास का हालचाल लिया। इस अवसर पर जानकी दास महाराज राजू दास महाराज कमल नयन दास महाराज राम मोहन त्यागी महाराज संत लाठी बाबा पंजाबी दास महाराज बंसी दास महाराज आदि संत समाज मौजूद रहे।



## नवविवाहित जोड़ों को मिलेगी नई पहल शगुन किट,सीएचसी में आशा कार्यकत्रियों को वितरण के लिए दी गई किट

अमिट रेखा अमित कुमार

बीकापुरअयोध्या। गांव में आशा कार्यकत्रियों द्वारा अब नवविवाहित जोड़ों को सगुन किट दिया जाएगा । नई पहल के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में आशा कार्यकत्रियों को गुरुवार को नई पहल सगुन किट का वितरण किया गया। प्रत्येक आशा कार्यकत्री को गांव के नवविवाहित जोड़ों को देने के लिए चार शगुन किट दी गई। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बीकापुर के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा ने बताया कि परिवार नियोजन को बढ़ावा देने एवं नवविवाहित दंपत्ति में परिवार नियोजन की जागरूकता पैदा करने के लिए आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसी क्रम में आशा कार्यकत्रियों द्वारा अपने गांव के नवविवाहित जोड़ों को शगुन किट का वितरण करके उन्हें परिवार नियोजन के संबंध में जागरूक किया जाएगा। शादी के बाद पहली संतान 2 वर्ष बाद होने से परिवार नियोजन को बल मिलेगा। इससे परिवार नियोजन का कार्यक्रम सुदृढ़ होगा। शगुन किट में तौलिया, शीशा, बिंदी सहित फैमिली प्लानिंग से संबंधित सामग्री शगुन किट में रखी गई है। बताया कि शुक्रवार को करीब डेढ़ सौ आशा कार्यकत्रियों को शगुन किट का वितरण किया गया।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. - 9532989009

उप सम्पादक - के.के. राय
सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी- राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०- 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक- निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com